हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, रविवार 16 नवंबर 2025


तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 14.3 डिग्री






## खबर संक्षेप

### ज्यूडिशियल असिस्टेंट भर्ती के लिए आवेदन 25 तक

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में जूनियर ज्यूडिशियल असिस्टेंट के 133 पदों पर भर्ती होगी। इसके लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू है। 25 नवंबर तक फॉर्म भरे जा सकते हैं। अगले साल 4 जनवरी को परीक्षा होगी। इसके लिए रायपुर व बिलासपुर में परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगे। इस पद के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता स्नातक मांगी गई है। इसके अलावा आवेदकों के पास किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से एक वर्ष का कंप्यूटर डिप्लोमा, आईटीआई या समकक्ष प्रमाणपत्र होना आवश्यक है। इधर, जूनियर ज्यूडिशियल असिस्टेंट के 124 और जूनियर ज्यूडिशियल असिस्टेंट (कंप्यूटर) के 9 पदों पर भर्ती की जाएगी। चयन की प्रक्रिया दो चरणों में होगी।

# विज्ञान के पदों पर कामर्स और कला संकाय के उम्मीदवारों की नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सहायक शिक्षकों की भर्ती में गड़बड़ी का आलम यह रहा कि विज्ञान के पदों पर कामर्स और कला संकाय के चहेते उम्मीदवारों को नियुक्त कर लिया गया। इसके साथ ही 12 उत्तीर्ण अपात्र अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। बड़ी बात की दस्तावेजों की जांच के लिए जो तीन सदस्यीय कमेटी बनी थी उसने भी सब जानते हुए इन कामर्स और कला संकाय वालों को पात्र घोषित कर दिया जबकि उम्मीदवारों ने दो दस्तावेज जमा किए थे वे आर्ट्स और कामर्स के ही थे। इसके अलावा नियुक्तिकर्ता तत्कालीन जिला शिक्षा अधिकारी और सहायक संचालक ने सभी जानकारी होते हुए जानबूझकर नजर अंदाज किया। पात्र लोगों को बाहर करते हुए अपात्रों को नौकरी दे दी गई। मामले में डिप्टी सीएम अरूण साव से लेकर ज्वाइंट डायरेक्टर शिक्षा से शिकायत हुई तो जांच की गई। जांच रिपोर्ट हरिभूमि के पास है जिसमें अपात्रों को नौकरी देने की बात लिखी है।

## सहायक शिक्षक भर्ती में बड़ी गड़बड़ी



### 12 अपात्र उम्मीदवारों का भी चयन

- दस्तावेजों की जांच के लिए बनी तीन सदस्यीय कमेटी ने भी अपात्रों को पात्र कर दिया
- डिप्टी सीएम से शिकायत के बाद कलेक्टर ने शिक्षा से विभाग से कराई थी प्रकरण की जांच

खास खबर

गौरतलब है कि जिले में संविदा शिक्षक के पदों पर भर्ती जुलाई 2025 में निकाली गई थी। इसमें कुल 191 पद थे। इसमें सहायक शिक्षक के 55 पद थे। इसमें 400 लोगों की अंतिम मैरिट सूची जारी की गई थी। प्रमाण पत्रों के सत्यापन के लिए बाद में 275 लोगों को बुलाया गया था। इसमें गड़बड़ी की शिकायत मस्तूरी निवासी कामिनी कौशिक पिता दिलीप कुमार कौशिक ने की थी। शिकायत के मुताबिक वांछनीय योग्यता मान्यता प्राप्त बोर्ड से हायर सेकण्डरी परीक्षा विज्ञान संकाय से उत्तीर्ण एवं डी.एड. / डी.एल.एड परीक्षा उत्तीर्ण होना प्रथम अनिवार्य शर्त थी। मतलब कि विज्ञान विषय से 12 वीं पास होना अनिवार्य था। इसके बाद भी इसे नजरअंदाज किया गया। जांच रिपोर्ट में भी इसका उल्लेख है कि वांछित योग्यता के प्रथम बिंदु का ही अभ्यर्थियों के चयन में पालन होता दिखाई नहीं दे रहा है। दरअसल शिकायत के बाद जिला शिक्षा विभाग ने जांच कमेटी बनाई थी। इसका जिम्मा जेसेज लाल बहादुर शास्त्री स्कूल और सेजेस मस्तूरी के प्राचार्यों को सौंपी गई थी।

### दस्तावेज सत्यापन सूची में भी पात्र नहीं

जांच रिपोर्ट में लिखा है कि चयनित अभ्यर्थी श्रद्धा परगनिहा पिता संतोष परगनिहा मुख्य चयन सूची में अन्य पि.व.क्र. 08. और मेंहदी देवांगन, पिता अनिल कुमार देवांगन मुख्य चयन सूची में अन्य पि.व.क्र. 09 के द्वारा प्रस्तुत हायर सेक स्कूल सर्टीफिकेट परीक्षा के अंकसूची का अवलोकन करने पर कामर्स (वाणिज्य) से उत्तीर्ण होना पाया गया। दस्तावेज सत्यापन पर परीक्षण सूची में मेरिट क्र. 48 और 51 में क्रमशः श्रद्धा परगनिहा एवं मेंहदी देवांगन को पात्र बताया गया है और यह भी त्रुटिपूर्ण है क्योंकि संबंधित दोनों अभ्यर्थी वांछित योग्यता के प्रथम शर्त के पालन में ही पात्रता के श्रेणी में नहीं आते हैं। रिपोर्ट में यह भी लिखा है कि दस्तावेज सत्यापन सूची में सम्मिलित होना भी त्रुटीपूर्ण है। साथ ही परीक्षण सूची में उपरोक्त दोनों अभ्यर्थियों का त्रुटिपूर्ण रूप से शामिल होने के कारण चयन सूची सहा. शिक्षक (अन्य पि. वर्ग) के सरल क्र. 08 एवं 09 में क्रमशः श्रद्धा परगनिहा एवं मेंहदी देवांगन को चयनित किया गया है जो कि त्रुटिपूर्ण है।

### गोल्ड मैडलिस्ट को भी बाहर कर दिया

गड़बड़ी का आलम यह रहा कि अधिकारियों ने विज्ञान विषय में गोल्ड मैडलिस्ट को भी बाहर कर दिया। इस बारे में सीधे डिप्टी सीएम से शिकायत की गई थी। डिप्टी सीएम अरुण साव ने कलेक्टर बिलासपुर को जांच करने कहा था। दरअसल बसना निवासी नरेन्द्र साहू ने अपनी पुत्री का चयन नहीं होने पर सवाल उठाया था। इसमें कहा गया कि संविदा शिक्षक के लिए अंतिम मेरिट सूची में उनकी पुत्री पुजा साहू का नाम 29 वें नंबर रखा गया। इसके बाद भी आगे-पीछे और कम अंको वाले 5 उम्मीदवारों को नियुक्ति प्रदान की गई जबकि पुजा साहू को कोई सूचना ही नहीं दी गई। जांच में यह शिकायत भी सही पाई गई।

### गलत नियुक्ति पर होगी कार्रवाई

यह सही है कि वांछनीय योग्यता मान्यता प्राप्त बोर्ड से हायर सेकण्डरी परीक्षा विज्ञान संकाय से उत्तीर्ण एवं डी.एड./ डी.एल.एड परीक्षा उत्तीर्ण होना प्रथम अनिवार्य शर्त थी। जांच रिपोर्ट के आधार पर पूरी भर्ती प्रक्रिया की जानकारी ली जा रही है। गलत नियुक्ति हुई होगी तो कार्रवाई जरूर होगी।

- विजय तांडे, जिला शिक्षा अधिकारी



### सिविल जज भर्ती, परीक्षा 21 दिसंबर को

बिलासपुर। सिविल जज भर्ती के लिए मुख्य परीक्षा 21 दिसंबर को होगी। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की ओर से इसका शेड्यूल जारी कर दिया गया है। इसके लिए कुल 661 अभ्यर्थियों को चिंहित किया गया है। इधर, मुख्य परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन 31 अक्टूबर से 15 नवंबर तक किए जाएंगे।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रिक्त पद पर आवेदन 20 तक

बिलासपुर। एकीकृत बाल विकास परियोजना सकरी अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र देवरीखुर्द में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 1 रिक्त पद पर 20 नवम्बर तक आवेदन कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। आवेदिका को उसी ग्राम की निवासी होना अनिवार्य है।

# विपक्षी दल फ्यूज बल्ब, जनता का विश्वास खो चुके : सीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन की जीत को ऐतिहासिक बताया है। उन्होंने उन्होंने विपक्षी दलों को फ्यूज बल्ब बताते हुए कहा कि विपक्ष देश की जनता का विश्वास खो चुका है, विपक्ष चुनाव हारता है तो ईवीएम या चुनाव आयोग पर सवाल करता है।

- विपक्ष चुनाव हारने पर ईवीएम, चुनाव आयोग पर उठाता है सवाल
- बिहार में एनडीए की जीत को बताया ऐतिहासिक

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शनिवार को शहर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। पुलिस मैदान में जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि आज से पूरे प्रदेश में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का शुभारंभ हो गया है। इस साल भी किसानों का धान समर्थन मूल्य पर सरकार खरीदने जा रही है। बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन की जीत के लिए मुख्यमंत्री ने बिहार की जनता और मतदाताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एनडीए को इस चुनाव में ऐतिहासिक सफलता मिली है। बिहार की जनता ने विकास के रास्ते व सुशासन को चुना है, साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतिश कुमार का हाथ भी बिहार की जनता ने मजबूत किया है, जिससे बिहार में और भी विकास गंगा बहेगी। चुनाव को लेकर कांग्रेस नेताओं के बयानों के प्रश्न पर मुख्यमंत्री श्री साय ने विपक्षी दलों को फ्यूज बल्ब बताते हुए कहा कि विपक्ष के लोग हार-हार के बौरा गए हैं। उन्होंने कहा कि जब विपक्षी नेता चुनाव जीतते हैं तो वे ईवीएम, चुनाव आयोग के संबंध में कोई प्रश्न नहीं करते और चुनाव हार जाते हैं तो ईवीएम व चुनाव आयोग पर प्रश्न खड़ा करते हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष देश की जनता का विश्वास खो चुका है।

## पोस्ट मैट्रिक छात्रावास व सामुदायिक भवन का भी होगा निर्माण

# जनजातीय दिवस पर घोषणाओं की झड़ी स्थापित होगी बिरसा मुंडा की प्रतिमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती अवसर पर शनिवार को बिलासपुर पुलिस ग्राउंड में आयोजित राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में जनजातीय समाज की ओर से आई मांगों को स्वीकार करते हुए घोषणाओं की झड़ी लगा दी। उन्होंने बिलासपुर में भगवान बिरसा मुंडा के आदमकद प्रतिमा स्थापित करने व शहर के एक प्रमुख चौक का नामकरण उनके नाम पर किए जाने की घोषणा की है। इसी तरह मुख्यमंत्री ने लाल खदान ओवरब्रिज का नामकरण शहीद वीर नारायण सिंह के नाम पर किए जाने की घोषणा की है।



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंच से ही जनजातीय बालक-बालिकाओं के लिए 300 सीटर व 200 सीट अत्याधुनिक पोस्ट मैट्रिक छात्रावास खोले जाने और आदिवासी बाहुल्य कोटा ब्लॉक में सामुदायिक भवन निर्माण की घोषणा भी की है। बिलासपुर में भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती पर राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि जनजातीय समाज का इतिहास सदैव शौर्य, बलिदान और गौरव से भरा रहा है। मुगल शासन से लेकर अंग्रेजी हुकूमत तक, देश की स्वतंत्रता की लड़ाई में जनजातीय समाज के वीरों ने जो योगदान दिया, वह अनुपम है, किंतु इतिहास के पन्नों में उन्हें वह स्थान नहीं मिला जिसके वे हकदार थे।

उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस ऐतिहासिक भूल को सुधारा और जनजातीय समाज के सम्मान, उत्थान और विकास के लिए बड़े स्तर पर कार्य किए। वे स्वयं भगवान बिरसा मुंडा की कर्मभूमि गए और समाज की प्रगति के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लेकर पूरे देश में स्वाभिमान की नई ऊर्जा का संचार किया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मध्यप्रदेश के जबलपुर में रानी दुर्गावती संग्रहालय और रायपुर में शहीद वीर नारायण सिंह ट्राइबल म्यूजियम का उद्घाटन कर देशभर के जनजातीय योद्धाओं के योगदान को सम्मानित किया है। यह संग्रहालय डिजिटल स्वरूप में भी उपलब्ध है, जिससे नई पीढ़ी अपने इतिहास से परिचित हो सके।

### आदिवासी समाज का बेटा मुख्यमंत्री के रूप में कर रहा समाज सेवा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंच से पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी को याद करते हुए कहा कि अटल जी ने ही झारखंड और छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण कर जनजातीय समाज को नई पहचान दिलाई। उन्होंने आदिम जाति मंत्रालय बनाकर जनजातीय विकास के लिए विशेष बजट प्रावधान किए। आज देश का सर्वोच्च संवैधानिक पद राष्ट्रपति आदिवासी समाज से होना गर्व की बात है और छत्तीसगढ़ में भी आदिवासी समाज का बेटा मुख्यमंत्री के रूप में सेवा कर रहा है। उन्होंने कहा कि धरती आबा ग्राम उत्कर्ष योजना के माध्यम से लगभग 80 हजार करोड़ रूपए से अधिक राशि का प्रावधान कर 6 हजार 6 सौ से भी अधिक गांवों में विकास के कार्य किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि उन्हें यह सौभाग्य प्राप्त हुआ है कि वे इस ऐतिहासिक जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में उपस्थित हैं। उन्होंने बिलासपुर जिले में 329 करोड़ रूपए से अधिक के विकास कार्यों के लोकार्पण और शिलान्यास रिमोट कंट्रोल के जरिए किया।

### सौभाग्य व सम्मान का दिन : साव

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि आज का दिन सौभाग्य और सम्मान का दिन है, जब बिलासपुर को 329 करोड़ रूपए से अधिक के विकास कार्यों की सौगात मिली है। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा स्वतंत्रता संग्राम के महानायक थे और जनजातीय समाज का इतिहास गौरवशाली रहा है। उपमुख्यमंत्री ने ट्राइबल म्यूजियम की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए सभी को इसे अवश्य देखने की अपील की। इस अवसर पर विधायक धरमलाल कौशिक, अमर अग्रवाल, धर्मजीत सिंह, सुशांत शुक्ला, दिलीप लहरिया, अटल श्रीवास्तव, छत्तीसगढ़ क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित थे।

## इलाज के दौरान चिकित्सीय लापरवाही

# हाईकोर्ट ने दो अस्पतालों के खिलाफ जांच के आदेश दिए

**बिलासपुर।** ईएसआईसी योजना में गरीब महिला पर हुई घोर चिकित्सीय लापरवाही के मामले में हाईकोर्ट ने बिलासपुर के लालचंदानी अस्पताल और और आरबी इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंस बिलासपुर की अवैध जांच रिपोर्ट को सख्त शब्दों में खारिज कर दिया है। दोनों अस्पतालों ने गलत पैर का ऑपरेशन के बाद फिर जल्दबाजी में दूसरा ऑपरेशन भी कर दिया था। इसका असर यह हुआ कि याचिकाकर्ता पीड़िता शोभा शर्मा आज भी दैनंदिन कार्य व नौकरी करने में असमर्थ है। हाई कोर्ट ने कलेक्टर बिलासपुर को नई उच्चस्तरीय जांच समिति गठित करने का निर्देश दिया है।

- हाईकोर्ट ने क्लेक्टर को जांच कराने दिया निर्देश

अपने फैसले में इसके साथ ही हाईकोर्ट ने पूर्व में गठित जांच समिति की रिपोर्ट को अवैध करार दिया है। ईएसआईसी योजना के तहत उपचार करा रही आर्थिक रूप से अत्यंत कमजोर शोभा शर्मा की याचिका पर कोर्ट ने स्पष्ट तौर पर पाया कि समिति न तो विधिसम्मत ढंग से गठित थी और न ही नियमों में निर्धारित अनिवार्य प्रक्रियाओं का पालन किया गया था। इस कारण उसकी रिपोर्ट कानून की दृष्टि में किसी भी प्रकार की वैधता नहीं है। ⏭शेष 3 पर

### बाएं की जगह दाहिने घुटने का आपरेशन

ज्ञात हो कि याचिकाकर्ता शोभा शर्मा ने कोर्ट को बताया कि प्रारंभिक उपचार उन्होंने लालचंदानी अस्पताल दयालबंद में कराया, जहां से उन्हें ऑपरेशन हेतु आरबी इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंस बिलासपुर भेजा गया। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया, उनके उपचार के लिए उपयुक्त बाएं घुटने की बजाय डाक्टरों ने लापरवाहीपूर्वक दाएं घुटने का ऑपरेशन कर दिया। इस गंभीर भूल पर आपत्ति जताने पर बिना समुचित तैयारी और आवश्यक चिकित्सा मूल्यांकन के जल्दबाजी में बाएं घुटने का भी ऑपरेशन कर दिया गया। दोनो ऑपरेशनों के बावजूद न तो उनकी समस्या दूर हुई और न ही दर्द में राहत मिली, बल्कि उनकी स्थिति लगातार बिगड़ती चली गई और उन्हें लंबे समय से चल नहीं पा रही। इसके साथ ही शारीरिक अक्षमता और तीव्र पीड़ा का सामना भी करना पड़ रहा है।




# मार्क हास्पिटल के डा. मौर्य ने यूरोलाजी के क्षेत्र में बनाया नया कीर्तिमान

**बिलासपुर।** मार्क हास्पिटल के डायरेक्टर डा. मौर्य ने यूरोलाजी के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए हजारों मरीजों को लाभ पहुंचाया है। उन्होंनें बताय कि जब वे 25-30 साल पहले एमएस की पढ़ाई के बाद दिल्ली में यूरोलॉजी की ट्रेनिंग ली, तो मैंने वहां काफी उन्नत तकनीकें देखीं जिनसे पहले परिचित नहीं था।



हेल्थ प्लस

खासकर दूरबीन पद्धति जिसमें केवल बहुत छोटा चीरा लगता है और रिस्क बहुत कम होता है। यह तकनीक देखकर मैं बेहद प्रभावित हुआ क्योंकि इससे मरीजों को जल्दी ठीक होने का फायदा मिलता था।वही अनुभव और सीखने मुझे प्रेरित किया कि मैं अपने शहर, कस्बे और गांव के लोगों तक भी इस उन्नत इलाज को पहुंचाऊं। इसलिए मैंने यूरोलॉजी को अपना करियर चुना, ताकि आधुनिक तकनीकों के माध्यम से अधिक से अधिक मरीजों की सेवा कर सकूं और उनकी जिंदगी बेहतर बना सकूं। उन्होंने बताय कि पिछले एक दशक में यूरोलॉजी और नेफ्रोलॉजी से जुड़ी बीमारियों का बोझ उल्लेखनीय रूप से बढ़ा है। जीवनशैली में बदलाव, डायबिटीज और हाई बीपी के बढ़ते मामले, उम्रदराज आबादी, पर्यावरणीय कारक और फैलने वाले संक्रमणों के कारण कुल मरीज संख्या में लगभग 30–50% तक की वृद्धि देखी गई है। किडनी स्टोन, क्रॉनिक किडनीडिजीज, प्रोस्टेट संबंधी समस्याएँ, यूरोलॉजिकल कैंसर और यौन-संचारित संक्रमणों के कारण होने वाले जटिल यूरिनरी ट्रैक्टडिस ऑर्डर्स अब कहीं अधिक सामान्य हो गए हैं। साथ ही, एंटीबायोटिक-रेजिस्टेंटइंफेक्शन्स ने उपचार को और चुनौती पूर्ण बना दिया है। डायलिसिस की आवश्यकता और किडनी ट्रांसप्लांट की मांग में भी निरंतर वृद्धि दर्ज की गई है, जो इस क्षेत्र में रोग भार के समग्र विस्तार को दर्शाती है। बढ़ती उम्र के साथ महिलाओं में मूत्र असंयम और पुरुषों में प्रोस्टेट की समस्या बहुत आम हो जाती है। इसके बावजूद ज़्यादातर लोग शर्म याझिझक के कारण इन विषयों पर खुलकर बात नहीं करते। शर्म और झिझक इन समस्याओं को और बढ़ा देती है। अगर समय पर इलाज न कराया जाए तो संक्रमण, त्वचा की जलन, नींद में कमी, डिप्रेशन और सामाजिक दूरी जैसी दिक्कतें बढ़ सकती हैं। मेरा कहना है कि शरीर की समस्या कभी शर्म की बात नहीं होती, बल्कि समझदारी से उसे पहचान कर सही इलाज कराना ज़रूरी होता है।

## साध्वी ब्रज चकोरी का संकीर्तन, प्रवचन शुरू



**बिलासपुर।** श्याम श्याम सत्संग समिति द्वारा पूज्या साध्वी ब्रज चकोरी देवी के सानिध्य में 15 नवंबर से प्रियदर्शनी नगर पानी टंकी के पास मैदान में 15 नवंबर से 8 दिवसीय आध्यात्मिक प्रवचन और रसमय संकर्तन का आयोजन किया जा रहा है। इसका समापन 22 नवंबर को होगा। संकीर्तन प्रतिदिन शाम 6.30 बजे से रात 8.30 बजे तक होगा। प्रहलाद कोरी ने भक्तों से शामिल होने का अनुरोध किया है।

# एनटीपीसी के बीएमएस ने जीत दर्ज की




**बिलासपुर।** एनटीपीसी सीपत में 15 नवंबर को एनबीसी प्रतिनिधि यूनियन चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। मतदान में कुल 399 कर्मचारियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चुनाव में सीपत ताप विद्युत मजदूर संघ (बीएमएस), राष्ट्रीय विद्युत कर्मचारी संघ (इंटक) और प्रगतिशील ताप विद्युत कर्मचारी संघ (सीटू) - इन तीनों संगठनों ने प्रतिस्पर्धा की और पूरी प्रक्रिया को सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने में सहयोग प्रदान किया। मतगणना में बीएमएस ने 179 वोट प्राप्त कर 19 वोटों के अंतर से विजय प्राप्त की, वहीं इंटक 160 वोट प्राप्त कर दूसरे स्थान पर रहा, जबकि सीटू को 60 लोगों ने मतदान किया। ऑफिसर के रूप में श्वेता (उप महाप्रबंधक-मानव संसाधन) ने चुनाव संचालन किया, जबकि अलका उपाध्याय (उप महाप्रबंधक–इंजीनियरिंग) इंटर्नल ऑब्जर्वर के रहीं। पोलिंग ऑफिसर्स की टीम में सत्या, ज्योत्सना कुशवाहा, रेखा कुमारी त्रिपाठी एवं रितिका ने अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया।

यह चुनाव मुख्य चुनाव अधिकारी के तौर पर प्रेमलता मुख्य महाप्रबंधक एवं क्षेत्रीय मानव संसाधन प्रमुख (पश्चिम क्षेत्र-2), चुनाव अधिकारी जयप्रकाश सत्यकाम, अपर महाप्रबंधक, एनटीपीसी सीपत एवं बिलास मोहंती, अपर महाप्रबंधक, पश्चिम क्षेत्र-2 की निगरानी में संपन्न हुआ।

# प्रेस क्लब के पदाधिकारी मिले मुख्यमंत्री से

बिलासपुर। बिलासपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष दिलीप यादव के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार शाम को न्यू सर्किट हाउस में सीएम विष्णुदेव साय से मुलाकात की।

प्रतिनिधिमंडल में उपाध्यक्ष गोपीनाथ डे, सचिव संदीप करिहार, कोषाध्यक्ष लोकेश वाघमारे, सह सचिव रमेश राजपूत और कार्यकारिणी सदस्य कैलाश यादव शामिल रहे। अध्यक्ष श्री यादव ने बताया कि वर्तमान में बिलासपुर प्रेस क्लब का जीर्णोद्धार हो रहा है। नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण प्रस्तावित है। हम चाहते हैं कि शपथ ग्रहण समारोह में आप मुख्य अतिथि के रूप में आएं और नई कार्यकारिणी को शपथ दिलाएं। । बिलासपुर प्रेस क्लब के आग्रह को सीएम साय ने स्वीकार किया । इस दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, डिप्टी सीएम अरुण साव, नगर विधायक अमर अग्रवाल सहित अन्य विधायक एवं अधिकारी मौजूद थे।



## तोरवा में सुआ नाच प्रतियोगिता आज

**बिलासपुर।** धान मंडी तोरवा में रविवार 16 नवंबर को शाम 5 बजे सुआ नाच प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इसमें महिलाएं अपने दल के साथ पारंपरिक वेश में शामिल होंगी। आयोजक शंकर यादव ने शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करने का आग्रह किया है।

# एलसीआईटी कॉलेज में प्रथम नेमी चंद मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन




**बिलासपुर।** एलसीआईटी कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड साइंस के विधि विभाग ने 7 और 8 नवंबर को अपनी पहली अंतरमहाविद्यालीन नेमी चंदमूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसमें विधि छात्रों ने भाग लेकर अपने कानूनी कौशल का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता के फाइनल राउंड में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजेंद्र चंद्र सिंह सामंत, अतिरिक्त महाधिवक्ता यशवंत सिंह ठाकुर, अधिवक्ता गुरुदेव शरण और अधिवक्ता हरि अग्रवाल ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। संस्थान के चेयरमैन प्रमोद जैन ने कहा कि एलसीआईटी में हम छात्रों को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह मूट कोर्ट प्रतियोगिता उस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो हमारे विधि छात्रों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करेगी। कार्यक्रम के दौरान प्रिंसिपल डॉ. अर्चना शुक्ला, वाइस प्रिंसिपल अभिनव पॉल, डीन डॉ. अंकुर श्रीवास्तव और कनवेनर मिस दीगांक्षा दीक्षित सहित अन्य संकाय सदस्य मौजूद रहे। डॉ. अर्चना शुक्ला ने छात्रों की प्रतिभा की सराहना करते हुए विश्वास जताया कि यह प्रतियोगिता उन्हें भविष्य में विधि के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने में मदद करेगी। विधि विभाग के अध्यक्ष ने छात्रों को मार्गदर्शन देने के लिए सभी न्यायाधीशों का आभार व्यक्त किया।

# शुभ पाणिग्रहण विवाह

## गूंजेगी शहनाई, बजेगा बैंड बाजा और निकलेगी बारात

इस वर्ष यानी 2025 में अब केवल 11 दिन ही विवाह के शुभ मुहूर्त बचे हैं, जबकि आने वाले नए साल 2026 में 81 दिनों तक शहनाइयां गूंजेंगी। इस बार मांगलिक कार्यों की शुरुआत तो होगी लेकिन सूर्य के तुला राशि में होने के कारण विवाह जैसे प्रमुख अनुष्ठान एकादशी के बाद 21 नवंबर से ही प्रारंभ होंगे। आने वाला वर्ष 2026 अधिक मास वाला होगा, जिसे पुरुषोत्तम मास भी कहा जाता है. इसमें 12 की जगह 13 महीने रहेंगे, क्योंकि उस वर्ष पंचांग में दो ज्येष्ठ माह पड़ेंगे। यह अवधि दो मई से 29 जून तक लगभग 59 दिनों की रहेगी। मास का अगला भाग 17 मई से पंद्रह जून के बीच रहेगा।

**2025 में अब सिर्फ 11 विवाह मुहूर्त:** वर्ष 2025 में अब केवल कुछ ही दिन विवाह के लिए शुभ रहेंगे. इस अवधि में अब 11 दिन ही विवाह के योग हैं. नवंबर में 21 से 25 नवंबर तक और फिर 29 एवं 30 नवंबर को विवाह के योग हैं। दिसंबर में 1, 4, 5 और 6 दिसंबर को विवाह के शुभ मुहूर्त रहेंगे।



**2026 में 81 विवाह शुभ मुहूर्त:**
अधिक मास के कारण इस साल विवाह के कुल 81 मुहूर्त बन रहे हैं। फरवरी में विवाह का शुभ समय 4 से 8 फरवरी और 10 से 16 फरवरी तक रहेगा। मार्च में लगातार 3 से 14 मार्च तक विवाह के योग बनेंगे। अप्रैल में 15, 20, 21 अप्रैल को और फिर 25 से 30 अप्रैल तक विवाह की तिथियाँ शुभ रहेंगी। मई माह में 1 मई, फिर 3 से 9 मई, तथा 12, 13 और 14 मई को विवाह के योग रहेंगे।

जून में लगातार 19 से 30 जून तक शहनाइयां गूंजेंगी। जुलाई में 1 और 2 जुलाई, फिर 6 से 8 जुलाई तथा 11 और 12 जुलाई को विवाह के शुभ मुहूर्त रहेंगे। नवंबर में 20, 21, 24 से 27 नवंबर और 30 नवंबर को विवाह के योग बनेंगे। दिसंबर में 1 से 6 दिसंबर और 9 से 13 दिसंबर तक विवाह के लिए शुभ समय रहेगा। कुल मिलाकर पूरे साल में 81 दिन विवाह मुहूर्त रहेंगे।


















## खबर संक्षेप

### उपमुख्यमंत्री साव ने की धान खरीदी की शुरुआत



**बिलासपुर।** जिले में 15 नवंबर से समर्थन मूल्य धान खरीदी की शुरुआत हो गई। बिलासपुर जिले में सेंदरी से इसकी शुरुआत हुई। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने इसका शुभारंभ किया। ग्राम कछार के छोटे किसान रामकुमार साहू और अनंतराम साहू का धान खरीद कर इसका विधिवत शुभारंभ हुआ। श्री साव ने खरीदी केंद्र पर दोनों किसान का तिलक लगाकर स्वागत किया। उनके धान की तौलाई कर बोहनी किया गया। इस अवसर पर विधायक सुशांत शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, कलेक्टर संजय अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधि और किसान बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### आराध्या हॉस्पिटल में बच्चों को कराया स्वर्णप्राशन संस्कार



**बिलासपुर।** श्री योगमाया आयुर्वेदिक क्लिनिक द्वारा मंगलवार 11 नवम्बर को आराध्या हॉस्पिटल में स्वर्णप्राशन संस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें पंचकर्म विशेषज्ञ डॉ. प्रियंका वासवानी जैसवानी ने बच्चों को स्वर्णप्राशन संस्कार के लाभों के बारे में जानकारी दी। आराध्या हॉस्पिटल के निर्देशक डॉ. रजनीश पाण्डेय ने आयुर्वेदिक पद्धतियों के संरक्षण एवं प्रसार की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि ऐसे स्वास्थ्यवर्धक कार्यक्रम समाज में जागरूकता बढ़ाने और बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। डॉ. प्रियंका ने बताया कि यह प्राचीन आयुर्वेदिक विधि बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता, स्मरण शक्ति एवं मानसिक विकास में अत्यंत सहायक होती है। निर्देशक डॉ. पाण्डेय बताया कि श्री योगमाया आयुर्वेदिक क्लिनिक द्वारा आराध्या हॉस्पिटल में 1 दिसम्बर से 7 दिसम्बर तक एक निःशुल्क आयुर्वेदिक शिविर आयोजित किया जा रहा है। जिसमें डॉ. प्रियंका वासवानी जैसवानी द्वारा परामर्श निःशुल्क रहेगा।8 दिसम्बर को पुनः स्वर्णप्राशन संस्कार शिविर लगाय जाएगा।

### स्वामी आत्मानंद आदर्श महाविद्यालय में भगवान बिरसा मुंडा की मनी जयंती



**बिलासपुर।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में भगवान बिरसा मुंडा जयंती यथा जनजातीय गौरव दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारियों एवं छात्रों ने भाग लिया और भगवान बिरसा मुंडा के जीवन और उनके आदिवासी अधिकारों के लिए संघर्ष को याद किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य प्रो.यूके श्रीवास्तव ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से की। आदिवासी संस्कृति और परंपराओं की भी जानकारी साझा की गई। छात्रों को उनकी विरासत के बारे में जानने का अवसर मिला। प्राचार्य ने भगवान बिरसा मुंडा के आदर्शों और उनके समाज सेवा के प्रति समर्पण को याद किया। प्रो. डा.राजकुमार सचदेव और प्रोफेसर सिद्धांत ने छात्रों को उनकी जीवनगाथा परिचित कराते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने का आह्वान किया।

### रिशाली एसईसीएल के एमटी एचआर परीक्षा पास कर बनी ट्रेनी अफसर

**बिलासपुर।** तखतपुर की रिशाली शिवहरे ने कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा आयोजित एमटी- एचआर परीक्षा में आल



इंडिया रैंक 1 प्राप्त कर क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। उन्हें एसईसीएल में एचआर मैनेजमेंट ट्रेनी एक्जक्टिव अधिकारी के रूप में चयनित किया गया है। उन्हेंने अपने पिता स्व. रमेश शिवहरे के सपनों को साकार करते हुए अपने परिवार का नाम रोशन किया है। उनकी माता रीता शिवहरे ने हर कदम पर उनका साथ दिया और उन्हें मानसिक शक्ति व निरंतर प्रोत्साहन प्रदान किया। रिशाली का कहना है कि यह सफलता उनके लिए केवल एक परिणाम नहीं, बल्कि धैर्य, विश्वास और समर्पित प्रयास का प्रतिफल है। एसईसीएल में नई भूमिका संभालते हुए उन्होंने कहा कि वे ईमानदारी, सीखने की उत्सुकता और जिम्मेदारी के साथ अपना योगदान देंगी। उनकी इस उपलब्धि से तखतपुर सहित पूरे परिवार और क्षेत्र में प्रसन्नता का माहौल है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### हाईकोर्ट ने दो अस्पतालों ....

कोर्ट ने कलेक्टर को निर्देश दिया है कि नियम 18 के अनुरूप नई उच्चस्तरीय समिति गठित कर चार माह के भीतर जांच पूरी कराएं। कैरियर और निजी जीवन बुरी तरह प्रभावित : याचिका में कहा गया कि चिकित्सीय लापरवाही के कारण वे आज भी सामान्य दैनिक कार्य करने में सक्षम नहीं हैं और किसी भी प्रकार की नौकरी या रोजगार से पूर्णतः वंचित हैं, जिससे उनका संपूर्ण कैरियर और निजी जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। उन्होंने यह भी बताया कि आर्थिक स्थिति अत्यंत कमजोर होने के कारण उनके लिए न्याय की लड़ाई लड़ पाना संभव नहीं था। ऐसे में उच्च न्यायालय के एक अधिवक्ता द्वारा निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान किए जाने से ही वे अपनी पीड़ा को अदालत तक पहुंचा सकीं और न्याय की प्रक्रिया में भाग ले सकीं। चार-सदस्यीय समिति ने दे दी थी क्लीन चिट : इधर जिला प्रशासन से की गई शिकायत पर गठित चार-सदस्यीय समिति ने दोनों अस्पतालों को पहले क्लीन चिट दे दी थी, लेकिन हाईकोर्ट ने पाया कि यह समिति न तो कलेक्टर द्वारा विधिवत गठित की गई थी और न ही इसका नेतृत्व डिप्टी कलेक्टर स्तर के अधिकारी के हाथों में था, जो नियमों में अनिवार्य है। अदालत ने स्पष्ट कहा कि ऐसी रिपोर्ट का कोई कानूनी महत्व नहीं है और इसे किसी निष्कर्ष का आधार नहीं बनाया जा सकता।

### नवनिर्मित भवन का घूम-घूमकर अवलोकन भी किया

# मुख्यमंत्री ने शहर में किया 329 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण, दी सौगात, किया सम्मानित



कोनी में नवनिर्मित कमिश्नर भवन के उद्घाटन अवसर पर उपस्थित मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कोनी बिलासा ताल के पास लगभग साढ़े ग्यारह करोड़ रुपए की लागत से निर्मित नए संभागायुक्त कार्यालय का लोकार्पण किया। लोकार्पण पश्चात मुख्यमंत्री ने घूम-घूमकर नवनिर्मित भवन का अवलोकन भी किया और संभागायुक्त कक्ष में बैठकर थोड़ी देर चर्चा भी किए। मुख्यमंत्री ने परिसर में एक पेड़ मां नाम तहत लाल चंदन के पौधे लगाए, उनके साथ सभी अतिथियों ने भी पौधे लगाए।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शाम करीब चार बजे नवनिर्मित संभागायुक्त कार्यालय पहुंचे, जहां पर उन्होंने फीता काटकर एवं पूजा-अर्चना कर नए भवन का लोकार्पण किया। कोनी में बिलासा ताल के ठीक सामने अरपा नदी के किनारे लगभग 11 करोड़ 38 लाख 8 हजार राशि की लागत से निर्मित यह संभागायुक्त कार्यालय लगभग ढाई एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है। इसमें बेसमेंट समेत भूतल और प्रथम तल बना है। प्रत्येक तल पर 1620 वर्गमीटर में निर्माण कार्य कराया गया है।

भूतल में 10 कमरे, हॉल और पृथक से प्रसाधन कक्ष है। इसी प्रकार दूसरे तल में 12 कमरे और हॉल के साथ अलग से प्रसाधन बना हुआ है। इस नए कार्यालय भवन में संभागायुक्त, अपर आयुक्त का कक्ष, न्यायालय कक्ष और मिटिंग हाल है। उपायुक्त राजस्व, विकास, लेखा अधिकारी के साथ अलग-अलग स्टाफ रूम है। नए भवन में अधिवक्ताओं और पक्षकारों की सुविधाओं का भी ध्यान रखा गया है। इस लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान उप मुख्यमंत्री अरूण साव, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, तखतपुर विधायक धरमजीत सिंह, मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया, कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, संभागायुक्त सुनील जैन, आईजी संजीव शुक्ला, कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह, निगम कमिश्नर अमित कुमार, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

## वंदे मातरम उद्यान और एसटीपी का लोकार्पण राजा रघुराज सिंह की प्रतिमा का अनावरण भी

- इयुल पाइपिंग प्रोजेक्ट का भी जायजा लिया







मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शनिवार को बिलासपुर प्रवास के दौरान शहर के मध्य स्थित रघुराज स्टेडियम में दानदाता गोंड राजा रघुराज सिंह जगत की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया। इसके बाद में वे पुराना बस स्टैंड पहुंचे जहां शहर के स्वतंत्रता सेनानियों को समर्पित वंदे मातरम् उद्यान का लोकार्पण किया। इसके साथ ही यहां लगे ड्युल पाइपिंग प्रोजेक्ट का भी जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्रोजेक्ट पर्यावरण, स्वच्छता और पानी के पुनः उपयोग का माडल बनेगा।

गौरतलब है कि वर्ष 1958 में राजा रघुराज सिंह जगत ने बिलासपुर शहर के बीचोबीच स्थित अपनी बेशकीमती जमीन खेलों के विकास के लिए दान कर दी थी। इसी दान की गई लगभग 5 एकड़ भूमि पर इस ऐतिहासिक स्टेडियम का निर्माण किया गया है। क्रिकेट सहित कई इनडोर खेल प्रतियोगिताएं इसमें आयोजित होती हैं। फिजिकल कल्चरल सोसाइटी फिलहाल इसकी देखरेख करती है। राजा रघुराज सिंह क्रिकेट स्टेडियम कई रणजी मैचों का गवाह रह चुका है। स्टेडियम 1978, 1979 और 1981 में विदर्भ क्रिकेट टीम के खिलाफ मध्य प्रदेश क्रिकेट टीम और रेलवे क्रिकेट टीम के खिलाफ तीन रणजी मैचों की मेजबानी भी कर चुका है। इसके अलावा यहां कई राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय मैच खेल चुके खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं।

अनावरण के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्टेडियम में खिलाड़ियों से मिलकर उनका उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव, विधायक धरमलाल कौशिक, अमर अग्रवाल, धर्मजीत सिंह, सुशांत शुक्ला, क्रेडा अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी, महापौर श्रीमती पूजा विधानी, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और नागरिक उपस्थित थे।

### 7 करोड़ में बना है उद्यान और एसटीपी

सीएम श्री साय ने जिस वंदे मातरम् उद्यान का और ड्युल पाइपिंग प्रोजेक्ट का लोकार्पण किया वह 7 करोड़ रुपए में बनाया गया है। अधिकारियों के मुताबिक पचरीघाट में स्थापित एस.टी.पी., ड्युल पाइपिंग सिस्टम और शिव टॉकीज चौक से ओल्ड बस स्टैंड तक बना वंदे मातरम् उद्यान तीनों मिलकर शहर के लिए एक उपयोगी और दीर्घकालिक समाधान प्रस्तुत करते हैं। पचरीघाट में 10 लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता वाला एस.टी.पी. बनाया गया है, जहाँ ज्वाली नाले से आने वाले पानी को साफ किया जाता है। साफ पानी को सुरक्षित रूप से संग्रहित करने के लिए 1 लाख लीटर क्षमता का ओवरहेड टैंक भी बनाया गया है। साफ पानी के लिए दो अलग-अलग आउटलेट बनाए गए हैं, जिससे आम जन एवं निर्माण के लिए जल प्रदाय किए जा रहे है।

### स्वतंत्रता सेनानियों से जुड़ी जानकारियां

गौरतलब है कि ड्युल पाइपिंग की व्यवस्था से सफाई कार्य (फुटपाथ की धुलाई), उद्यान में सिंचाई हेतु, फाउंटेन में पानी भरना, पौधों की देखभाल, और अन्य सार्वजनिक उपयोग किया जा सकेगा। वंदे मातरम् उद्यान में फाउंटेन, हरियाली और साफ-सुथरा वातावरण शहर के लोगों को मिलेगा। उद्यान में बिलासपुर के स्वतंत्रता सेनानियों के नाम और उनके जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदर्शित की गई है। वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष पूरे होने का भी विशेष उल्लेख किया गया है। इसके साथ ही इस परियोजना से शिव टॉकीज से ओल्ड बस स्टैंड तक का पूरा मार्ग अब बेहतर और आकर्षक दिखता है।

## संजय दुबे का भाजपा प्रवेश, मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएं

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सीएमडी कालेज के चेयरमैन संजय दुबे को शनिवार को भाजपा में प्रवेश कराया। श्री दुबे के जन्मदिन पर मुख्यमंत्री ने मिठाई खिलाई और शुभकामनाएं दी। शनिवार को मुख्यमंत्री का शहर में व्यस्त कार्यक्रम था। सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी के हेलीपेड पर पहुंचने के बाद स्थानीय भाजपा नेताओं ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इसके बाद पूर्व मंत्री व शहर विधायक अमर अग्रवाल ने संजय दुबे को मुख्यमंत्री से मिलवाया।



श्री दुबे का मुंह मीठा कराते सीएम विष्णुदेव साय।

श्री दुबे को मुख्यमंत्री ने जन्मदिन की बधाई दी और मिठाई खिलाकर उनका भाजपा में प्रवेश कराया। श्री दुबे शहर के प्रतिष्ठित दुबे परिवार के सदस्य हैं। उनके पिता वरिष्ठ कांग्रेस नेता रहे हैं। संजय पहले युवक कांग्रेस में पदाधिकारी रहे हैं। कांग्रेस से जुड़े दुबे परिवार के सदस्य संजय दुबे का भाजपा प्रवेश पूरे शहर में चर्चा का विषय बन गया। भाजपा नेताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दी और कहा कि श्री दुबे के भाजपा प्रवेश से पार्टी मजबूत होगी। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विधायक अमर अग्रवाल, धरमलाल कौशिक, धर्मजीत सिंह, सुशांत शुक्ला, जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर आदि मौजूद थे। श्री दुबे के भाजपा प्रवेश करने पर शहर की राजनीति गरम हो गई है।

## विश्व मधुमेह दिवस पर अपोलो ने निकाली वाकथान रैली, अमर ने दिखाई झंडी

**बिलासपुर।** विश्व मधुमेह दिवस पर अपोलो हॉस्पिटल द्वारा वाकथान 3.0 चलो चले मधुमेह से लड़े का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य रैली को विधायक अमर अग्रवाल ने झंडी दिखाकर रवाना किया गया ।



कार्यक्रम का उद्देश्य मधुमेह के प्रति जागरूकता बढ़ाना, स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना तथा प्रारंभिक पहचान एवं रोकथाम के महत्व को जोर देना था । स्वास्थ्य रैली की शुरुवात सुबह 7.30 बजे अपोलो सिटी सेंटर से हुई । जिसमे चिकित्सकों, मरीजों के परिजन, शहर के विभिन्न समाजों के अध्यक्ष, विभिन्न व्यवसायी संगठन, अपोलो नर्सिंग कॉलेज एवं ब्रह्मकुमारी फाउंडेशन का संयुक्त तत्वावधान रहा । कार्यक्रम के दौरान अपोलो अस्पताल के मधुमेह रोग विशेषज्ञ डॉ. कल्पना दास ने बताया की हमें तीन सफ़ेद वस्तुओं को नजरअंदाज करना चाहिए जो की शुगर, नमक एवं मैदा प्रमुख है । अपोलो के सीओओ अभय कुमार गुप्ता ने नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने पर जोर दिया। विधायक श्री अग्रवाल ने अपोलो द्वारा आयोजित इस स्वास्थ्य रैली को सराहनीय बताया । कार्यक्रम के दौरान अपोलो अस्पताल के चिकित्सकों ने बताया की मधुमेह आज देश में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाली स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक है ।

इस अवसर पर छग. महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने इस स्वास्थ्य रैली को एतिहासिक बताया। अपोलो के सीओओ अभय गुप्ता ने रैली में बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### छग तेलुगु महासंगम का कार्तिक दीपोत्सव कल

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ तेलुगु महासंगम के तत्वावधान में 17 नवंबर को कार्तिक दोपोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस पवित्र माह में दक्षिण भारतीय महिलाएं प्रातः सूर्योदय से पूर्व स्नान–ध्यान कर भगवान शिव की 30 दिनों तक नित्य पूजा-अर्चना करती हैं। इस दौरान दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक सुहागिन महिलाओं द्वारा रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। शाम 6 बजे शिव पूजन एवं मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित किया जाएगा। इस अवसर पर सभी श्रद्धालुजन सामूहिक रूप से 2500 दीप जलाएंगे। आयोजन को सफल बनाने में छत्तीसगढ तेलुगु महासंगम के वी रामा राव, उपाध्यक्ष बी वेणुगोपाल राव, आर मनोरथ बाबू, एन रमना मूर्ति, सी नवीन कुमार, पी श्रीनिवास राव, जी काशी राव, सी श्रीनिवास राव, टी रमेश बाबू, एन लोकेश, यू मुरली राव, पी चंद्रबाबू, आर राम कुमार, डी गणेश आदि का सहयोग मिल रहा है।

## अरपा रिवर वैली इंटरनेशनल स्कूल में आईआई एमयूएन का आयोजन

**बिलासपुर।** अरपा रिवर वैली इंटरनेशनल स्कूल में 14 नवंबर को आईआई एमयूएन आयोजन किया गया। कश्मीर की सुश्रीअंबर फातिमा ने आईआई एमयूएन का परिचय देते हुए उसके उद्देश्य पर प्रकाश डाला। विद्यालयीन छात्राओं ने विभिन्न राज्यों की लोकगीतों पर आधारित मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। एडमिरल आर. हरि कुमार ने बाल दिवस पर कहा कि आईआई एमयूएन विद्यार्थियों को शिक्षा में श्रेष्ठ बनाने के अलावा उनके व्यक्तित्व को निखारने में विशेष भूमिका निभाता है। विशिष्ट अतिथि विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि भारत पूरे विश्व का प्रतिनिधित्व कर सकता है। पारुल विश्वविद्यालय की डॉ सुभांगी राव ने बताया कि यह विद्यार्थी जीवन में हमारी सोच को बदल कर ऊंचाइयों की ओर ले जाता है। विद्यालय के प्रबंध निदेशक सुरिंदर सिंह चावला ने कहा कि हमे साधारण से असाधारण बनना है। हमें अपने आप को अच्छाईयों से जोड़ कर रखना है और बुराइयों से दूर रखना है। 14 नवंबर से 16 नवंबर तक तीन दिवसीय चलने वाली इस कार्यक्रम की समितियों में विभक्त किया गया है। प्राथमिक विद्यालय समिति कक्षा 5वीं-7वीं जलवायु परिवर्तन का मुकाबला। माध्यमिक विद्यालय समिति (कक्षा 7वीं-9वीं) अमृतकाल विजन 2047 पर जोर देते हुए एक विकसित राज्य बनने की रूपरेखा पर चर्चा की।



### लायंस क्लब द्वारा निःशुल्क कम्प्यूटर कोचिंग

**बिलासपुर।** लायंस क्लब बिलासपुर सेवा द्वारा समाज के जरूरतमंद एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए निःशुल्क कम्प्यूटर कोचिंग कार्यक्रम प्रारंभ कर रहा है।



इस निःशुल्क कम्प्यूटर कोचिंग में निम्न वर्गों के लिए सीटें आरक्षित की गई हैं। 30 सीटें एसटी वर्ग, 30 सीटें एससी वर्ग,20 सीटें ओबीसी वर्ग, 20 सीटें सामान्य वर्ग कुल चयनित छात्रों को बिना किसी शुल्क के कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। कोर्स पूर्ण होने पर सभी प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा, जो भविष्य में रोजगार प्राप्त करने में सहायक होगा। इस कोर्स में कम्प्यूटर का परिचय, एमएस ऑफिस, एमएस वर्ड एमएस एक्सेल, एमएस पावर पॉइंट, फोटोशॉप, कोरल ड्रॉ, ऑपरेटिंग सिस्टम, अंग्रेजी टाइपिंग, हिंदी टाइपिंग प्रशिक्षण लेने सम्पर्क करें। उक्त जानकारी लायंस क्लब के अध्यक्ष संतोष पाण्डेय ने दी।



हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, रविवार 16 नवंबर 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



धर्म-क्षेत्र

## सत्य सांई बाबा के शताब्दी जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में सौ घंटे का भजन



**बिलासपुर।** भगवान श्री सत्य सांई बाबा के शताब्दी जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में सत्य सांई सेवा संगठन बिलासपुर ने सौ घंटे का भजन एवं 100 नारायण सेवा का कार्यक्रम रखा। भजन अलग-अलग स्थानों पर अलग-अलग भक्तों के घरों में किया गया जो कि सत्य सांई सेवा केंद्र, तोरवा में समाप्त हुआ। 16 नवंबर को 100 नारायण सेवा की अंतिम श्रृंखला में यह नारायण सेवा बिलासपुर रेलवे स्टेशन के सामने की गई। जिसमें नगर विधायक एवं पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल, महापौर पूजा विधानी, पूर्व महापौर वाणी राव, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर, स्कूल के अध्यक्ष डॉ जीएस पटनायक, पार्षद व जोन प्रभारी एम श्रीनू, पूर्व पार्षद एस. साईं भास्कर, संध्या तिवारी, उद्योगपति प्रवीण झा, तेलुगू संयुक्त समाज कल्याण समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों सहित शहर के विभिन्न समाज के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में बिलासपुर के श्री सत्य साईं सेवा संगठन एवं तेलुगू संयुक्त समाज कल्याण समिति के पी रामाराव, डॉ अरुण कुमार पटनायक, ए साईं गोपाल राव, एस राजेंद्र प्रसाद, जी सम्मुख राव, सुशील मोबिया, डी रामू, प्रशांत तिवारी, जी देवेंद्र नायडू, श्रीनिवास राव, पी गोविंद राव, ए विजयलक्ष्मी, एम व्ही लक्ष्मी, रमामणि, श्रीमती पदमा, जी राधिका, पी संध्या, अर्चना शर्मा, व्ही मधुसूदनराव, जे जगन पटनायक, ए ईश्वर राव, के वेंकट राव, व्ही रवि, एन संतोष, बुड्ढा रामा, कमलेश करी, एन भास्कर, ए गणपति, एम रवि का सहयोग रहा।

48वां रावत नाच महोत्सव शनिवार को लालबहादुर शास्त्री स्कूल मैदान में आयोजित किया गया, खमतराई के पहले गोल के प्रवेश से रात्रि साढ़े सात बजे रॉवत नाच महोत्सव प्रारंभ हुआ। इसके बाद सिलपहरी और फिर क्रम देर रात तक चलता रहा, सैकड़ों की संख्या में पहुंचे यदुवंशियों के नृत्य, शस्त्र चालन व परी का स्वरूप आकर्षण का केन्द्र रहा।

# काला पानी समुद्र के लक्ष्मन दे डराए हो एक पुत्र अंजनी के छिन आए छिन जाए हो



**मुख्यमंत्री नर्तक दलों के साथ झूमे**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पारंपरिक वेशभूषा में रावत नर्तक दलों के बीच पहुंचे और ढोल–नगाड़ों की गूंजती धुन पर उनके साथ झूमते हुए कलाकारों का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने नर्तन दलों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि यह सांस्कृतिक धरोहर आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी।

### यदुवंशी समाज की संस्कृति, सम्मान और सांस्कृतिक संरक्षण

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्कूल शिक्षा मंत्री से गजेंद्र यादव ने कहा कि बिलासा की इस पावन धरा पर राउत नाचा महोत्सव बड़े सौभाग्य की बात है। यदुवंशी समाज के लोग घर-घर जाकर सर्व समाज के सुख के लिए मंगल कामना करते हैं। उन्होंने रावत नाचा महोत्सव कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद व्यक्त किया,कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि 48 वर्षों से इस परंपरा और गौरव को बनाकर रखना निश्चित रूप से गौरव की बात है। उन्होंने राउत नाचा महोत्सव बधाई एवं शुभकामनाएं दी केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने रावत नाचा महोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए कहा रावत नाचा महोत्सव में यदुवंशी के शौर्य और कला का प्रदर्शन अद्भुत है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इस नृत्य के माध्यम से यदुवंशियों ने बेटी बचाओं, पर्यावरण संरक्षण, छत्तीसगढ़ महतारी हमारी पहचान सहित कई संदेश भी दिए। रॉवत ने एक से बढ़कर एक दोहा पढकर जमकर नृत्य किया और परी बने यदुवंशियों ने गायन भी किया। राउत के सिर पर पागा, उसमें लगी मोर पंख की कलगी और फूलों का गजरा, आंखों में काजल, दोनों गालों में और ठोढ़ी पर काली बिंदिया, भौंहों के बीच माथे पर चंदन का टीका, पैरों में चोलना, एक हाथ में तेंदू की लाठी और दूसरे हाथ में फरी, दोनों पैरों में घुंघरू और उससे निकलता रुनझुन का संगीत हर किसी को आकर्षित कर रहा था। नाचा महोत्सव में शामिल होने मुख्यमंत्री विष्णुदेव पहुंचे आगमन पर महोत्सव के संरक्षक कालीचरण यादव एवं समिति सदस्यों द्वारा पुष्पहार पहनाकर उनका आत्मीय स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पारंपरिक रावत नाचा वेशभूषा में मंच पर पहुंचकर कलाकारों का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कहा कि "यदुवंशी समाज वह समाज है जहाँ प्रभु श्री कृष्ण ने जन्म लिया। छत्तीसगढ़ की नृत्य–गायन परंपरा हमारी सांस्कृतिक समृद्धि एवं एकता का प्रतीक है।" कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव, कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया, तथा महापौर पूजा विधानी सहित अनेक जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

आयोजन

## भैरव जयंती महोत्सव रुद्र महायज्ञ में 1 लाख आहुतियां



**बिलासपुर।** नव दिवसीय भैरव जयंती महोत्सव का आयोजन मनाया जा रहा है। पंडित जगेश्वर अवस्थी के अनुसार नौ दिनों तक चल रहे इस महोत्सव में रूद्र महायज्ञ, नियमित हवन–पूजन, और विविध धार्मिक अनुष्ठान विधि–विधान से संपन्न कराए जा रहे हैं। यज्ञ कुण्ड के समीप श्रद्धालु निरंतर आहुति डालते हुए भैरव बाबा से परिवार की सुख–समृद्धि की कामना कर रहे हैं। इधर, हर रात 8 बजे से मंदिर प्रांगण में आयोजित कृष्णलीला ने श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रखा है। रात्रिकालीन मंचन में गांव और आसपास के क्षेत्रों से भारी संख्या में भक्त पहुंच रहे हैं। लोगो में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। वही रुद्र महायज्ञ में शनिवार तक 1 लाख आहुतियां डाली जा चुकी हैं, जबकि पूरे रुद्र यज्ञ में कुल 2 लाख 40 हजार आहुति डाली जाएगी। मंदिर परिसर में रोजाना सुबह से ही धार्मिक गतिविधियां शुरू हो जाती हैं। भैरव जयंती पर भगवान शिव का रुद्रा अष्टाध्यायी के विशेष मंत्रों से रुद्रा अभिषेक प्रतिदिन सुबह 8 बजे से 10.30 बजे तक किया जाता है। इसके बाद 11 बजे से रुद्र यज्ञ की आहुतियां शुरू होती हैं, जो दोपहर 2 बजे तक चलती हैं। यज्ञ का दूसरा सत्र शाम 3 बजे से 6 बजे तक आयोजित किया जाता है। मंदिर समिति के सदस्य दिलीप दुबे, पं. महेश्वर पाण्डेय, पं राजेंद्र दुबे, पं. कान्हा तिवारी, विक्की राजेशावर मिश्रा अवस्थी, सोनू, के सहयोग से यह आयोजन लगातार जारी है।

# स्वदेशी मेला सिर्फ एक आयोजन नहीं, बल्कि हमारी अस्मिता और आत्मसम्मान का उत्सव

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शनिवार को साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित सात दिवसीय स्वदेशी मेला का अवलोकन करने पहुंचे। इस अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच परिवार द्वारा मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने स्वदेशी स्टालों का अवलोकन किया और कारीगरों, स्व-सहायता समूहों एवं युवा उद्यमियों द्वारा बनाए गए उत्पादों की प्रशंसा की।

**बिलासपुर।** उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं, बल्कि प्रदेश की आर्थिक धुरी को मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मेला में स्थानीय परंपराओं के संवर्धन, ग्रामीण-शहरी उद्यमिता को प्रोत्साहित करने और सांस्कृतिक विविधता को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से 300 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं। हस्तशिल्प, कोसा वस्त्र, ढोकरा एवं बेलमेटल कला, गृह सज्जा सामग्री, जैविक उत्पाद और पारंपरिक व्यंजनों से सजे स्टॉलों ने आगंतुकों का विशेष आकर्षण खींचा। मुख्यमंत्री ने कहा कि "न्यायधानी बिलासपुर में स्वदेशी मेला सिर्फ एक आयोजन नहीं, बल्कि हमारी अस्मिता और आत्मसम्मान का उत्सव है। उन्होंने कहा कि मंच के पदाधिकारी वर्षों से प्रदेश के विभिन्न शहरों में स्वदेशी मेलों का आयोजन करते आ रहे हैं।

इस वर्ष पहली बार बस्तर में भी स्वदेशी मेला आयोजित हुआ, जिसमें गृहमंत्री अमित शाह भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि स्वदेशी की शक्ति को सबसे पहले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने पहचाना था। महात्मा गांधी जी ने चरखा चलाकर स्वराज और स्वदेशी को जनांदोलन बनाया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव, विधायक धर्मजीत सिंह, सुशांत शुक्ला, छत्तीसगढ़ क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, पाठ्य पुस्तक निगम अध्यक्ष राजा पांडेय, महापौर पूजा विधानी, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, संभागायुक्त सुनील जैन, आईजी संजीव शुक्ला, कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

**साइंस कॉलेज मैदान में स्वदेशी मेला का मुख्यमंत्री ने किया अवलोकन**




### आर्थिक आजादी ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक आजादी की ओर भी आगे बढ़ना



केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने स्वदेशी जागरण मंच को कार्यक्रम की दिव्यता और निरंतरता के लिए हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि पिछले 15 वर्षों में इस आयोजन ने वास्तविक रूप से एक विशाल मेला का स्वरूप ग्रहण कर लिया है, जो स्वदेशी विचारधारा की जनस्वीकृति को दर्शाता है। केंद्रीय राज्य मंत्री ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए आत्मनिर्भर भारत के मंत्र को देश की नई दिशा बताया। उन्होंने कहा कि "अब हमें केवल आर्थिक आजादी ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक आजादी की ओर भी आगे बढ़ना है। स्वागत समिति के अध्यक्ष प्रवीण झा ने स्वागत भाषण दिया। वहीं श्री सुब्रत चाकी ने स्वदेशी मेला का प्रस्तावन प्रस्तुत किया।

केवि में विविध आयोजन

## बच्चों ने दी गीत, नृत्य की प्रस्तुति



**बिलासपुर।** केन्द्रीय विद्यालय सीआरपीएफ बिलासपुर में प्राचार्य रमाकांत कौशिक ने पं. नेहरू के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर बाल दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। प्राथमिक विभाग के बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी नवाचारी सोच की संदेशपरक प्रस्तुति दी। माध्यमिक विभाग के बच्चों ने गीत, नृत्य और प्रेरणादायक नाटक के माध्यम से सबका मनोरंजन किया। इस दौरान सामूहिक भोज का भी आयोजन किया गया। जिसमें मिलेट्स का स्टॉल लगाया गया। समापन पर सभी छात्रों को मिठाई वितरित किया गया। आयोजन को सफल बनाने में शिक्षकों, विद्यार्थियों सहित शालेय स्टाफ का सहयोग रहा।

## बच्चों ने सुनाई कविता गेम का लिया आनंद



मनोहर टॉकीज के पीछे कशिश छाबड़ा के नेतृत्व में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें छोटे बच्चों ने कविता सुनाई। कई खेल गेम खेले गए। अंत में बच्चों को गिफ्ट देकर केक काटा गया। इस अवसर पर गोविंद दुसेजा, लक्ष्य वाधवानी अनिरुद्ध, आराध्या, नीरज दुसेजा, अनमोल, कृष्णा वरदानी, सहित अन्य बच्चों की उपस्थिति रही।

उत्सव

## सबसे बड़ा धन है गुरु घर की सेवा, सजाया गया दीवान



**बिलासपुर।** पूज्य सिंधी पंचायत आजाद नगर द्वारा इस वर्ष भी श्री गुरु नानक देव का प्रकाश पर्व बड़े धूमधाम से सिंधी धर्मशाला में मनाया गया। इस दौरान भाई साहब अमर रुपानी ने कई भक्ति भरे गीत व भजन गाए और कहा कि सबसे बड़ा धन गुरु घर की सेवा है। कार्यक्रम की शुरुआत में गुरुद्वारा साहिब से गुरु ग्रंथ साहिब को लेकर धर्मशाला पहुंचे और वहां दीवान सजाया गया। अमर भाई ने कहा कि सभी सेवाएं बड़ी है। कोई सेवा छोटी नहीं है। सभी सेवाओं का फल एक समान मिलता है पर कुछ सेवा ऐसी होती है जो ज्यादा फलदाई होती है और उसको करने से तन, मन दोनों को भी सुकून मिलता है। अच्छे शब्द, अच्छी मीठी वाणी बोलकर सामने वाले को खुश कर सकते हैं। एक मुस्कान देकर उसको सुकून दे सकते हैं। यह भी एक सेवा है। अंत में अरदास की गई। पल्लो पाया गया। गुरु का हुकुम नामा पढ़ कर प्रसाद वितरण एवं पंचायत प्रमुखों, विजय डिसूजा व कुमार पोपतानी का शॉल, श्रीफल से सम्मान किया गया। सभी भक्तजनों के लिए आम भंडारा रखा गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूज्य सिंधी पंचायत अध्यक्ष बृजलाल नागदेव, सतीश लाल, अमर रुपाणी, अशोक के चंदानी, अशोक तोलानी, चेतन पंजवानी, रमेश दीवानी, राजेंद्र, संतोष नागदेव, नवीन रुपानी, गोविंद तोलानी, राजू टेकचंदानी, उमेश लाल, दीपक, नानक नागदेव, निलेश, संतोष, अमर वाधवानी सहित महिला विंग, युवा विंग एंव पूज्य पंचायत आजाद नगर के सभी सदस्यों का सहयोग रहा।

स्पोर्टर्स न्यूज

## जैन प्रीमियर लीग: स्वास्तिक स्टोन, ऋषभ इलेक्ट्रिकल व पारस पॉवर सेमीफाइनल में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जैन प्रीमियर लीग ऋषभ इलेक्ट्रिकल और बिरला चैम्प के मैच से शुरू हुआ। टॉस जीत कर ऋषभ इलेक्ट्रिकल ने फील्डिंग करने का फैसला किया। पहले खेलते हुए बिरला चैम्प ने 8 ओवर में 70 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जिसके जवाब में ऋषभ इलेक्ट्रिकल ने संघर्ष किया लेकिन अंतिम ओवर में जीत प्राप्त की।

दूसरा मैच आजाद शेर और बाहुबली के बीच खेला गया। पहले खेलते हुए बाहुबली ने 55 रन का स्कोर खड़ा किया। इस मैच को आजाद ने दो विकेट से जीत लिया। तीसरा मैच पारस पावर और एलसीआईटी के बीच खेला गया। पहले खेलते हुए एलसीआईटी ने छोटा स्कोर 8 ओवर में 60 रन का खड़ा किया। पारस पॉवर ने 9 विकेट से यह मैच जीत लिया। चौथा मैच स्वास्तिक स्टोन और गोयल सुपर किंग के बीच में खेला गया। जिसमें पहले खेलते हुए स्वास्तिक स्टोन ने 88 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। वहीं गोयल सुपर किंग 29 रन ही बना सके। इस प्रकार स्वास्तिक स्टोन ऋषभ इलेक्ट्रिकल और पारस पॉवर ने सेमीफाइनल मे प्रवेश कर लिया।



**खेल रही 8 टीम**

जैन प्रीमियर लीग पांचवें सीजन का आयोजन गत 13 नवंबर से पेण्ड्रीडीह स्थित श्रीमंत सेठ प्रवीण जैन स्टेडियम में हो रहा है। शकुन जैन के जन्मदिन के उपलक्ष्य में चार दिन तक होने बाले इस आयोजन में जैन समाज की 8 टीम खेल रही है।

## कबड्डी में संबाजी की टीम ने जीता खिताब

कबड्डी प्रशिक्षण केंद्र चिंगराजपारा ने आल इंडिया 55 किलोग्राम कबड्डी प्रतियोगिता में संबाजी नगर महाराष्ट्र 11 अंको से हराकर कबड्डी का खिताब अपने नाम किया।

कोच ओमकार जायसवाल ने बताया की 35वी ओपन सब जूनियर बालक व बालिका कबड्डी चैंपियनशिप के लिए बालक टीम का 15 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर कबड्डी प्रशिक्षण केंद्र चिंगराजपारा में प्रशिक्षण शिविर खेलो इंडिया कबड्डी ट्रेनिंग सेंटर फिजिकल कॉलेज मैदान पेंड्रा में आयोजित किया जा रहा। 35 वी ओपन सब जूनियर बालक व बालिका कबड्डी चैंपियनशिप का आयोजन 27 से 30 नवम्बर तक पानीपत हरियाणा में किया जाएगा, इस प्रतियोगिता के लिए बालक व बालिका टीम का प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा ताकि खिलाडी कबड्डी खेल के स्किल कौशल में परांगत हो सके और राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर छत्तीसगढ़ का नाम रोशन कर सके। इससे पहले भी राष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीतकर छत्तीसगढ़ का नाम रोशन कर चुके है, बालक टीम का प्रशिक्षण शिविर वरिष्ठ कबड्डी कोच हेमंत यादव द्वारा दिया जा रहा है, जबकि बालिका टीम का प्रशिक्षण खेलो इंडिया ट्रेनिंग सेंटर पेंड्रा में कबड्डी कोच कौशल कश्यप द्वारा दिया जा रहा है।



**टीम में ये खिलाड़ी**

बालक टीम टीम में नवीन साहू, भूषण पटेल, बिरजू चौहान, राम मरावी, तुषार देवागन, शिवा खैरवार, निखिल, सुंदर पाल, मोलिक कुमार, प्रियांशु सिन्हा, हिमलेश जांगेल, अमित कुमार जगत आदि टीम मे शामिल है। वही बालिका टीम में राशि शोरी, प्रियंका नेताम, सानिया यादव, जयंती शोरी, वंशी मरावी, ममता, कुशुम, भावी यादव, प्रियंका यादव, निशा गुप्ता, यामिनी, हेम प्रभा, मोनिका व नम्रता का चयन हुआ है।

## खबर संक्षेप

### मौहाभाठा में बांस गीत कार्यक्रम आज



तखतपुर। यादव निवास मौहाभाठा में 16 नवम्बर को बांस गीत का आयोजन किया गया है। आयोजन की तैयारी में अहिरवा यादव, पिल्लूराम साहू, भुनेश्वर, पुनीत राम यादव, गोलू, माना, जैजै सहित अन्य जुटे हुए है। इस बांसगीत प्रतियोगिता में भगवान श्रीकृष्ण के गुणों का गायन किया जाएगा।

## निधन

### अमृता पाण्डेय



बिलासपुर। ग्राम खेड़ा निवासी अमृता पाण्डेय का 15 नवंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 16 नवंबर को बनारस में होगा। वे रामविशाल पाण्डेय की पत्नी, दीपक पाण्डेय, लक्की और ऋचा की मां थीं।

### सरदार चरण सिंह सोहल



बिलासपुर। हाऊसिंग बोर्ड देवरी खुर्द निवासी सरदार चरण सिंह सोहल का 15 नवंबर को निधन हो गया। वे 82 वर्ष के थे। जिनकी अंतिम यात्रा 16 नवम्बर को उनके निवास एचआई 10 से सुबह 10:30 बजे तोरवा शमशान घाट के लिए प्रस्थान करेगी। वे इन्द्रजीत सोहल के चाचा थे।

### कुंजराम श्रीवास



बिलासपुर। बिरकोना निवासी कुंजराम श्रीवास का 15 नवंबर को निधन हो गया। संतोष श्रीवास एवं संतोषी श्रीवास के पिता थे।

### कन्हैयालाल मोटवानी (कन्नू)



बिलासपुर। चकरभाठा निवासी कन्हैयालाल मोटवानी (कन्नू) का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 16 नवंबर को दोपहर 1 बजे उनके निज निवास एल 10 शेष कालोनी विनोबा नगर से भारतीय नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे स्व. होतचन्द मोटवानी के सुपुत्र, खेमचन्द, मोहनलाल, जितेन्द्र कुमार मोटवानी के भाई थे।

### सीमा सोढानी



बिलासपुर। कतियापारा मोपका नाका जूना बिलासपुर निवासी सीमा सोढानी का निधन हो गया। वे 65 वर्ष की थीं। उनकी अंतिम यात्रा उनके निज निवास से 16 नवंबर को दोपहर 12.30 बजे संत कंवरराम मुक्तिधाम मधुबन दयालबंद के लिए निकलेगी। वे स्व. नेहचल दास सोढानी की पत्नी एवं रवि सोढानी की माता थीं।

### अंबिका प्रसाद सोनी



बिलासपुर। बड़ा बाजार मुंगेली निवासी अंबिका प्रसाद सोनी का 15 नवंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम में किया गया। वे मनोज, वेद प्रकाश, मनीष, गुणवंत के पिता थे।

### रश्मि कुमार



बिलासपुर। तोरवा पुल रोड निवासी रश्मि कुमार का 15 नवंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 16 नवंबर दोपहर 12 बजे तोरवा स्थित कब्रिस्तान में किया जाएगा। वे रिटायर्ड रेलवे गार्ड स्व. क्लेमेंट कुमार की पत्नी व किश कुमार, ट्विंकल, जूबी, एलिसा की मां थीं।

**महोत्सव**

### ग्राम बसिया को द्वितीय एवं परसदा को मिला तृतीय स्थान

# रावत नाच में सिलपहरी ने हासिल किया प्रथम स्थान



मस्तूरी में आयोजित रावत नाच महोतसव में शामिल अतिथि।

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर**

रावत नृत्य महोत्सव समिति एवं यादव समाज मस्तूरी की ओर से रावत नृत्य महोत्सव का आयोजन शासकीय बालक उमा विद्यालय मैदान में किया गया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधायक दिलीप लहरिया विधायक शामिल हुए एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ सोमनाथ यादव ने की। कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में शिवप्रताप साव, अरुणा सूर्या सभापति जिपं, सतकली बावरे जिपं सदस्य, जिपं सदस्य दामोदर कांत, पूर्व जपं उपाध्यक्ष विनोद सिंह ठाकुर एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जपं अध्यक्ष सरस्वती बिंझवार, उपाध्यक्ष नीतेश सिंह ठाकुर, जपं सदस्य देवेंद्र कृष्णन, सुनीता सारथी सरपंच, विवेक त्रिपाठी मंडल अध्यक्ष भाजपा, किशोर राठौर अध्यक्ष व्यापारी संघ, गजानंद राठौर, नीरज यादव, अमित यादव, अनिल यादव, अभिषेक यादव आदि उपस्थित रहे। रावत नृत्य महोत्सव में प्रथम स्थान सिलपहरी दल ने प्राप्त किया।वहीं द्वितीय स्थान ग्राम बसिया, तृतीय स्थान ग्राम परसदा चतुर्थ स्थान ग्राम खमतराई के रावत नर्तक दल ने प्राप्त किया। शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले दलों को नगद राशि और रनिंग शील्ड से सम्मानित किया गया। महोत्सव के अध्यक्ष संयोजक दिलीप यादव, अध्यक्ष कन्हैया यादव, उपाध्यक्ष राहुल यादव, मनोज यादव, जितेंद्र यादव, रघु यादव आदि समाज के पदाधिकारी कार्यक्रम को सफल बनाने में जुट रहे।

### सिरगिट्टी में रावत नृत्य महोत्सव आज

**बिलासपुर।** रावत नृत्य महोत्सव समिति एवं यादव समाज सिरगिट्टी द्वारा रावत नृत्य महोत्सव का आयोजन रविवार 16 नवंबर को शाम 6 बजे से खेल मैदान बन्नाक चौक सिरगिट्टी में किया गया है। महोत्सव के मुख्य अतिथि बिल्हा धरमलाल कौशिक विधायक होंगे एवं अध्यक्षता राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ सोमनाथ यादव करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में महापौर पूजा विधानी एवं देवेंद्र यादव विधायक दुर्ग एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व अध्यक्ष कृषि उपज मंडी राजेंद्र शुक्ला, जिला युवा यादव अध्यक्ष अमित यादव, सुभाष सिंह परते, केशरी इंगोले, पुष्पेंद्र साहू, विजय सिंह मरावी, सूरज मरकाम, संजय यादव, दिलीप यादव, शैलेन्द्र यादव, डॉ राजेश यादव, राकेश यादव, अविनाश यादव, नंदकिशोर यादव एवं भूपेंद्र उपाध्याय शामिल होंगे। रावत नृत्य महोत्सव समिति एवं यादव समाज सिरगिट्टी द्वारा आयोजित समिति के अध्यक्ष संजय यादव, महासचिव रिकी यादव, मनोज यादव, गौरव यादव, प्रभात यादव, मनीष यादव सोम यादव ने बताया कि प्रतिवर्ष के अनुसार रावत नृत्य महोत्सव को बड़े ही धूमधाम से मनाने के लिए समिति के सदस्य जोर-शोर से जुटे हुए हैं। आयोजन में प्रथम पुरस्कार 21 न हजार रुपए नगद के साथ ट्रॉफी साथ द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, पंचम के साथ समस्त टीमों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

### सीपत में आज बिखरेगी लोक संस्कृति की छंटा

**सीपत।** सीपत में आज संस्कृति, परंपरा और शौर्य का भव्य संगम देखने को मिलेगा। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी ग्राम पंचायत सीपत की ओर से 16 नवंबर की शाम 7 बजे तहसील परिसर में रावत नाच महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया है। आयोजन स्थल को रोशनी, झालरों और पारंपरिक सजावट कर भव्य रूप दिया गया है। ग्रामीणों और दर्शकों में इस कार्यक्रम को लेकर भारी उत्साह है। महोत्सव में मुख्य अतिथि जिपं सदस्य राजेंद्र धीवर शामिल होंगे। साथ ही अति विशिष्ट अतिथियों में सरपंच मनीषा योगेश वंशकार, जपं सदस्य मनोज खरे, कांग्रेस सहकारिता प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष दुबे सिंह कश्यप उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता यादव समाज के जिलाध्यक्ष शिवशंकर यादव करेंगे।

## किसान के सूने मकान में चोरी 4 लाख 85 हजार का माल पार



**लोरमी।** ग्राम बिचारपुर में किसान परिवार के सूने मकान में अज्ञात चोरों ने धावा बोल दिया। चोरों ने सोने-चांदी के आभूषण एवं नकद सहित कुल 4 लाख 85 हजार का माल पार कर दिया। इस घटना से गांव सहित आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है। पुलिस के साथ डॉग स्कॉयड, एफएसएल की टीम ने मौके पर पहुंच कर जांच की, वहीं 15 नवंबर को प्रभारी ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक जांच की।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अरुण कश्यप 55 वर्ष पिता भगत कश्यप ने लोरमी थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वे अपनी स्वास्थ्य मितानिन पत्नी के साथ 13 नवंबर की सुबह 11:45 बजे अपनी मोटरसाइकिल से ग्राम सुकली में आयोजित मितानिन बैठक में गए थे। शाम करीब 4 बजे जब वे लौटे तो घर का दृश्य देखकर दंपति के होश उड़ गए। घर का मुख्य दरवाजा आधा खुला था और लगा हुआ ताला टूटा था। उन्होंने अंदर जाकर देखा तो कमरे में रखी अलमारी का ताला भी टूटी हुआ था, और सामान बिखरा पड़ा था। अरुण कश्यप के अनुसार अज्ञात चोरों ने अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात एवं नकदी की चोरी कर कर फरार हो गए। प्रार्थी की लिखित शिकायत पर बीएनएस की धारा 331(3) एवं 305 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस ने शुक्रवार को डॉग स्कॉयड एवं एफएसएल की टीम के साथ घटना स्थल की जांच किया एवं शनिवार को प्रभारी ने घटना स्थल का मुवायना किया। फिलहाल पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

**जांच चल रही है**

मामले में साइबर क्राइम, एफएसएल सहित तीन टीम जांच कर रही है।

**-हरविंदर सिंह,** एसडीओपी

## विवादित टिप्पणी करने वाले कथावाचक को पुलिस ने भेजा जेल



**तखतपुर।** सतनामी समाज के खिलाफ विवादित टिप्पणी करने वाले कथा वाचक पं आशुतोष चैतन्य को पुलिस ने एट्रोसिटी एक्त के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

नगर में आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह में कथा के दौरान कथा वाचक पं आशुतोष चैतन्य ने सतनामी समाज के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी थी, जिसको लेकर समाज के लोगों में भारी आक्रोश था। समाजे के लोगों ने थाने में एफआईऐर दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की थी। तुरंत कार्रवाई नहीं होने से नाराज समाज के लोग थाने पहुंचे एवं कथा वाचक की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस ने मामले पर कार्रवाई करते हुए शनिवार को कथा वाचक को कथा स्थल से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

## छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के स्टॉल ने बढ़ाई मेले की शोभा

**सीपत।** बहुद्देशीय उमा शाला खम्हरिया में शुक्रवार को बाल दिवस के अवसर पर आयोजित बाल आनंद मेले ने बच्चों द्वारा लगाए गए छत्तीसगढ़ी पारंपरिक व्यंजनों के स्टॉल ने मेले की शोभा बढ़ा दी।



चीला, ठेठरी, खुरमी, फरा, बोरा, सहित कई पकवानों का स्वाद अतिथियों और शिक्षकों ने चखकर बच्चों की प्रतिभा की सराहना की। मेले में मनोरंजक गेम्स, खेल और गतिविधियों ने बच्चों की खुशियों में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपसरपंच बुधवारा देवी साहू, शिवनारायण साहू, भास्कर कश्यप सहित अन्य उपस्थित रहे। शाला के संचालक अहमद मोमिन ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि, हमारे बच्चों की प्रतिभा ही हमारी असली पहचान है। यह आनंद मेला सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि सीखने, समझने और आत्मविश्वास बढ़ाने का जरिया है। हम ऐसे आयोजनों से बच्चों को अपनी संस्कृति से जोड़ते हैं और उनके भीतर छिपी रचनात्मक शक्तियों को उजागर करते हैं।आयोजन को सफल बनाने में प्राचार्य बलराम यादव, प्रधान पाठक शोभा कैवर्त, तथा शिक्षक एनके मरावी, पीके पटेल, केके ठाकुर, राजेश कुमार, सत्यनारायण कैवर्त, श्रेया यादव, अलका, ईश्वरी टेंगवर, हेमा ठाकुर, सरिता ठाकुर, गणेशिया मरावी, रोशनी, तेजस्वी, नागेशिया कैवर्त, शशि श्रीवास सहित पूरी टीम की अहम भूमिका रही।

## कांग्रेस का नेशनल टैलेंट हंट शुरू, जिले का प्रभार वीरेंद्र को

**पेंड्रा।** कांग्रेस पार्टी ने प्रवक्ता चयन को लेकर देशभर में नेशनल टैलेंट हंट कार्यक्रम की शुरुआत कर दी है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा 7 नवंबर को इस महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके तहत प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं और प्रवक्ताओं को अलग-अलग संभागों का दायित्व सौंपा गया है, जो जिलों में प्रभारी नियुक्त कर प्रतिभागियों के चयन की प्रक्रिया का संचालन करेंगे।



कार्यक्रम के अनुसार विभिन्न जिलों में प्रभारी ऑनलाइन आवेदन करने वाले प्रतिभागियों से मुलाकात करेंगे, उनका साक्षात्कार लेंगे और निर्धारित प्रक्रियाओं के आधार पर उन्हें जिला, प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर चयनित किया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 20 नवंबर निर्धारित की गई है। 21 से 25 नवंबर तक आवेदनों की स्क्रीनिंग की जाएगी, वहीं 25 से 30 नवंबर के बीच रीजनल फिजिकल इंटरव्यू आयोजित होंगे। 1 से 5 दिसंबर के बीच इंटरव्यू व पैनल डिस्कशन की प्रक्रिया संपन्न होगी। चयन मापदंडों में राजनीतिक जागरूकता, मीडिया एवं संचार कौशल, त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता, इतिहास की जानकारी तथा कांग्रेस की विचारधारा व नीतियों से जुड़ाव जैसे प्रमुख बिंदु शामिल किए गए हैं। गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के लिए कांग्रेस प्रवक्ता वीरेंद्र सिंह बघेल को जिले का प्रभारी नियुक्त किया गया है। टैलेंट हंट कार्यक्रम को लेकर युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है और बड़ी संख्या में युवा इस प्रक्रिया में भाग लेने की तैयारी कर रहे हैं।

## सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारी संघ की बैठक



**मस्तूरी।** सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारी संघ तहसील शाखा मस्तूरी की प्रथम बैठक आयोजित की गई, जिसमें संघ के प्रांत अध्यक्ष पीआर यादव ने उपस्थित सदस्यों को पेंशन संबंधी समस्याओं से अवगत कराते हुए कहा कि, केन्द्र सरकार द्वारा देय तिथि से डीए में होने वाले विलंब, लागू होने वाले आठवें वेतनमान, निशुल्क कैशलेस चिकित्सा सुविधा जैसी समस्याओं से हमें जूझना होगा। इसके लिए हमें संघ को मजबूत बनाना होगा, और अधिक से अधिक सदस्यों की संख्या बढ़ानी होगी।

बैठक में उपस्थित अन्य पदाधिकारियों ने भी अपना सुझाव प्रस्तुत किया, साथ ही संगठन को मजबूत बनाने पर जोर देते हुए अपने अधिकार के लिए संघर्ष करने के सहमति दी। बैठक में डीएल डहरिया, आर के मिश्रा, रामेश्वर सुमन, आर के राठौर, राधेहरि निर्मलकर, जेके शर्मा, नरेश शर्मा, समय लाल पोर्ते, तिहारू लाल कैवर्त, पीएल पांडु, कांतिकुमार शर्मा, संतोष प्रजापति, सुमन एक्का, विजय श्रीवास, एचपी मैत्री, युबी पंकज आदि उपस्थित थे। बैठक के अंत में निर्णय लिया गया कि, प्रत्येक माह के चौथे रविवार दोपहर 1 बजे संघ की बैठक आहूत होगी, जिसमें संघ के कार्यकर्ता एवं सदस्य अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होंगे।

## जो भक्तों का पाप हर लेते हैं वही हरि हैं: कृष्णप्रिया



**लोरमी।** नगर में जिंदल परिवार के निज निवास पर कृष्णप्रिया की अमृतमयी वाणी में आयोजित सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। छठवें दिन की कथा शुरू से होने से पूर्व गणपति पूजन, नवग्रह पूजन व श्रीमद्भागवत पुराण का पूजन किया गया।

छठवें दिन की कथा में देवी कृष्णप्रिया ने कहा कि, सर्वेश्वर भगवान श्रीकृष्ण ने ब्रज में अनेकानेक बाल लीलाएं कीं, जो वात्सल्य भाव के उपासकों के चित्त को अनायास ही आकर्षित करती हैं। उन्होंने कहा कि, जो भक्तों के पापों का हरण कर लेते हैं वही हरि हैं। महारास शरीर नहीं अपितु आत्मा का विषय हैं, जब हम प्रभु को अपना सर्वस्व सौंप देते हैं तो जीवन में रास घटित होता है। महारास में भगवान श्रीकृष्ण ने बांसुरी बजाकर गोपियों का आह्वान किया। लेकिन जब गोपियों की भांति भक्ति के प्रति अहंकार आ जाता है तो प्रभु ओझल हो जाते हैं। रिंकू अग्रवाल ने बताया कि रविवार को शाम 3 बजे कथा श्रवण करने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल उपस्थित रहेंगे।

### बदमाशों ने की युवक की पिटाई, मामला दर्ज

**तखतपुर।** पुरानी रंजीश को लेकर बदमाशों ने युवक के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार चनाडोंगरी निवासी प्रवीण कौशिक ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, 14 नवंबर की शाम 7 वह बजे सब्जी खरीदने गया हुआ था, इसी दौरान लालू यादव, ज्ञानू यादव, त्रिलोकी यादव एवं विक्की यादव ने पुरानी बात को लेकर उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। शिकायत पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 115,2 296,3,5 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

### श्याम भजन का कल

**लोरमी।** नगर के मुंगेली रोड निवासी मनोज चिंटू अग्रवाल के परिवार की ओर से 17 नवंबर शाम 6.15 बजे से श्याम भजन संध्या का आयोजन जा रहा है, जिसमें बिलासपुर का प्रसिद्ध सूरज म्यूजिकल ग्रुप के द्वारा श्याम भजन की प्रस्तुति दी जाएगी।

समक्ष नोटरी सिविल जिला बिलासपुर (छ.ग.)
// शपथ-पत्र //

मैं सौरभ सिंह क्षत्रिय उम्र 41 वर्ष पिता श्री द्वारिका सिंह क्षत्रिय निवासी 267/2 सेक्टर 02, बालको टाउनशिप वार्ड क्रं. 30, कोरबा बालको नगर कोरबा तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.) का हूँ जो कि निम्न कथन शपथपूर्वक करता हूँ 1. यह कि मैं उपरोक्त पते का निवासी हूँ। 2. यह कि मेरी पुत्री सर्वात्मिका क्षत्रिय के आधार कार्ड क्रं. 3715 2968 7598 में मेरी पुत्री का नाम सर्वात्मिका क्षत्रिय Sarvatmika Kshatriya दर्ज है। जो कि सत्य व सही है। 3. यह कि मेरे पुत्री सर्वात्मिका क्षत्रिय के पासपोर्ट में मेरी पुत्री का नाम सर्वात्मिका Sarvatmika दर्ज है। नाम के साथ सरनेम नही जुडा है। 4. यह कि सर्वात्मिका क्षत्रिय Sarvatmika Kshatriya एवं सर्वात्मिका Sarvatmika दोनो नाम एक ही बच्ची के नाम है और ये दोनो नाम मेरी उक्त पुत्री सर्वात्मिका क्षत्रिय Sarvatmika Kshatriya के नाम है दोनो नाम से जाना पहचाना एवं लिखा पढा जाता है। 5. यह कि मेरी उक्त पुत्री के पासपोर्ट में उसका नाम सर्वात्मिका Sarvatmika के स्थान पर उसका नाम सरनेम सहित आधार कार्ड के अनुसार सर्वात्मिका क्षत्रिय Sarvatmika Kshatriya लिखा जावें। 6. यह कि मेरे द्वारा दी गयी जानकारी सत्य व सही है किसी भी तथ्य को छिपाया नही गया है भविष्य में अगर मेरे द्वारा दी गयी जानकारी असत्य पायी जाती है तो इसकी जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी। 7. यह कि यह शपथ पत्र मैं उपरोक्त कथनों के समर्थन में निष्पादित करता हूँ।

शपथकर्ता सौरभ सिंह क्षत्रीय

// सत्यापन //

मैं सौरभ सिंह क्षत्रिय शपथपूर्वक सत्यापित करता हूँ कि मेरे द्वारा उपरोक्त कंडिका 01 से 07 तक की सारी तें मेरी स्वत: की ज्ञान से सही व सत्य है। जिसे आज दिनांक 14/11/2025 स्थान बिलासपुर में पढ़कर, सुनकर, सझकर, व सही होना जानकर हस्ताक्षर कर सत्यापित कर रहा हूं

शपथकर्ता सौरभ सिंह क्षत्रीय

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार श्रीमती सरिता अग्रवाल पति श्री राजकुमार अग्रवाल निवासी- ऋषि कालोनी दयालबंद बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. की ओर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर सर्वसाधारण को आम सूचना का प्रकाशन कराता हूं कि मेरे पक्षकार द्वारा भूमि स्वामी (1) नाबा. रेयांश दुबे उम्र 11 वर्ष (2) नाबा. भार्गवी दुबे उम्र 08 वर्ष, दोनो पिता स्व. सुनील कुमार की ओर से वली मां व खुद नमिता दुबे पति स्व. सुनील कुमार निवासी ग्राम घुरू पो. तिफरा तहसील एवं जिला बिलासपुर छ.ग. के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि मौजा सैदा म.नं. 6 प.ह.नं. 41, रा.नि.म. अमसेना, तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नं. 295/1 में से रकबा 1.63एकड़ (0.660हे.) को क्रय करने का पक्का सौदा कर सौदे के एवज में बतौर एग्रिम राशि प्रदान किया जा चुका है जिस संबंध में मेरे पक्षकार एवं विक्रेता के मध्य एक इकरारनामा दिनांक 11.11.2024 को निष्पादित किया गया है। साथ ही उपरोक्त इकरारशुदा भूमि के संबंध में सक्षम न्यायालय से नाबालिग की भूमि को विक्रय करने की अनुमति प्राप्त किया जा चुका है। उपरोक्त भूमि का पंजीयन मेरे पक्षकार ने निकट भविष्य में अपने पक्ष में करा लिया जावेगा, यदि उक्त संव्यवहार से किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्थाएं बैंक, निकाय को किसी प्रकार से कोई आपति हो तो दस्तावेजों सहित मेरे कार्यालय में इस आम सूचना प्रकाश के 15 दिवस के भीतर अपना आपत्ति दर्ज करावें। उपरोक्तानुसार समयावधि अवसान उपरांत की गई दावा अपत्ति अवैध होकर शून्य माना जावेगा। सो सूचना जाने।

दिनांक-13.11.2025

**भवदीय**
**अशोक गढ़ेवाल**
**अधिवक्ता**
**पता-मेसर्स लक्ष्मी मार्बल पत्थर फैक्ट्री के पीछे, गढ़ेवाल प्लाट तिफरा बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो.नं. 9329195185, 9827410563**

**न्यायालय श्रीमान उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग बिलासपुर (छ.ग.)**

सौरभ श्रीवास्तव ......आवेदक
**वि.** अग्रवाल इंडिया पैकर्स एंड मूवर्स .अनावेदकगण

प्रकरण क्र. 128/2025
पेशी तारिख- आदेश दिनांक- प्रोसेस क्र.-

// समंस //

प्रति, अग्रवाल इंडिया पैकर्स एंड मूवर्स द्वारा आनंद शर्मा ग्राउंड फ्लोर, सिरगिट्टी मेन रोड, ब्लैक डायमंड, ट्रांसपोर्ट नगर के पास बिलासपुर (छ.ग.) (विरोधी पक्षकार)

परिवादी ने विरोधी पक्षकार के विरुद्ध माननीय जिला उपभेक्ताप्रतितोष आयोग बिलासपुर, छ.ग. के समक्ष उपभोक्ता संरक्षण अधि. 2019 की धारा 35 के अंतर्गत परिवादीगण के व्यावसाइक कदाचरण एवं क्षति के संबंध में कुल राशि रु. 4,00,000/-(चार लाख रुपये) क्षतिपूर्ति के रूप में विरोधी पक्षकार से दिलाए जाने के संबंध में परिवाद प्रस्तुत किया गया है। जिसकी पेशी दिनांक 24/12/2025 को नियत है। विरोधी पक्ष अग्रवाल इंडिया पैकर्स एंड मूवर्स द्वारा आनंद शर्मा ग्राउंड फ्लोर, सिरगिट्टी मेन रोड, ब्लैक डायमंड, ट्रांसपोर्ट नगर के पास बिलासपुर (छ.ग.) को इस समाचार पत्र के द्वारा नोटिस /ईश्तहार प्रकाशन किया जा रहा है। इस प्रकरण में उपरोक्त दिनांक को दिन के 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर जवाब पेश कर प्रकरण के कार्यवाही में भाग लेवें अन्यथा आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

यदि किसी कारणवश पेशी दिनांक को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस को की जावेगी।

आज दिनांक 13/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।

तारीख 14/11/25

**(आनंद कुमार सिंघल)**
**अध्यक्ष, जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय श्रीमान उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग बिलासपुर (छ.ग.)**

सुशील कुमार ...............आवेदक
**वि.** प्रबंधक, AML Buisness Solution pvt L.t.d..अनावेदकगण
प्रकरण क्र. 193/2024
पेशी तारिख-आदेश दिनांक-प्रोसेस क्र.-

// समंस //

प्रति, प्रबंधक, AML Business Solution Pvt l.t.d पता, पेंड्रीडीह चौक, रायपुर रोड नियर बाई ओम टाटा ऑटो मोबाइल बिलासपुर (छ.ग.) (विरोधी पक्षकार )

परिवादी ने विरोधी पक्षकार के विरुद्ध माननीय जिला उपभेक्ता प्रतितोष आयोग बिलासपुर, छ.ग. के समक्ष उपभोक्ता संरक्षण अधि. 2019 की धारा 35 के अंतर्गत परिवादीगण के वाहन क्षति संबंधी के संबंध में कुल राशि रु. 9,35,000/-(नौ लाख पैतीस हजार रुपये) क्षतिपूर्ति के रूप में विरोधी पक्षकार से दिलाए जाने के संबंध में परिवाद प्रस्तुत किया गया है। जिसकी पेशी दिनांक 08/12/2025 को नियत है। विरोधी पक्ष प्रबंध का पता पेंड्रीडीह चौक रायपुर रोड नियर बाई ओम टाटा ऑटो मोबाइल बिलासपुर (छ.ग.) को इस समाचार पत्र के द्वारा नोटिस/ईश्तहार प्रकाशन किया जा रहा है। इस प्रकरण में उपरोक्त दिनांक को दिन के 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर जवाब पेश कर प्रकरण के कार्यवाही में भाग लेवें अन्यथा आपके विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी। यदि किसी कारण वश पेशी दिनांक को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस को की जावेगी।

आज दिनांक 14/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।

तारीख 14/11/25

**(आनंद कुमार सिंघल)**
**अध्यक्ष, जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बिलासपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार उमेंद्र कुमार सोनवानी, उम्र 51 वर्ष, आ.स्व.बहोरन लाल, वगैरह निवासी-ग्राम सेमरताल, रामबेड़ा, थाना कोनी तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) की ओर से अधिकृत, निर्देशित एवं प्राधिकृत होकर उनके निर्देशानुसार इस आशय का आम सूचना प्रकाशित करता हूं कि मेरे पक्षकार वगैरह के 36 वर्षो से कब्जे की हक, स्वत्व, आधिपत्य की मौजा पौंसरा प.ह.नं.16, महल नं.3, रा.नि.मं. नगोई, तहसील बेलतरा, जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित ख.नं. 212/2 रकबा 0.65 एकड़ भूमि के राजस्व अभिलेखों में शांति बाई, मोतीलाल, राजकुमारी, दुखनी बाई, राजकुमार विश्वकर्मा, अशोक कुमार विश्वकर्मा, मीना बाई विश्वकर्मा, बीना बाई विश्वकर्मा सभी निवासी ग्राम सेमरताल थाना कोनी जिला बिलासपुर द्वारा स्वयं का नाम दर्ज होने का अवैधानिक लाभ प्राप्त करने के आशय से अन्यत्र विक्रय/अंतरण/ हस्तांतरण करने का प्रयास करते हुये मेरे पक्षकार वगैरह के उपरोक्त भूमि पर व्यवधान उत्पन्न करने का प्रयास किया जा रहा है, जबकि दिनांक 19.06.1989 के पश्चात शांति बाई वगैरह कभी भी उक्त वर्णित भूमि के कब्जे/ आधिपत्य में नहीं रहे हैं।

अतः सर्वसाधारण आम जनता, शांति बाई वगैरह, बैंक, निगम, निकाय, शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित भूमि के संबंध में किसी भी प्रकार का कोई भी संव्यवहार /विक्रय /अंतरण /हस्तांतरण संबंधी कार्यवाही उपरोक्त वर्णित व्यक्ति शांति बाई वगैरह से न करें, अन्यथा ऐसा करने वाले को उक्त भूमि के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई भी स्वत्व की प्राप्ति नहीं होगी और अकारण व्यर्थ के न्यायालयीन मामलों में उलझना पड़ेगा।

सो सूचना जानें।

दिनांक: 15.11.2025
स्थान: बिलासपुर (छ.ग.)

**भवदीय**
**रामेश्वर कश्यप**
**(अधिवक्ता)**
**मो.नं. 9993194030**

**न्यायालय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी कोटा, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
''नोटिस/समंस''

रघुनंदन वगैरह.....................वादीगण
**बनाम**
डोमरा वगैरह..................प्रतिवादीगण
प्रोसेस नंबर-312 से 317
व्य.वाद क्र.: 39-अ-/2024
आदेश दिनांक- 24.10.2025
पेशी दिनांक -27.11.2025

प्रति,
6/ सुरेन्द्र कुमार आ.स्व.तिलकराम, उम्र लगभग 58 वर्ष 7/नरेन्द्र कुमार आ.स्व. तिलकराम उम्र 56 वर्ष 8/ अंगूरी बाई पिता स्व.तिलकराम उम्र लगभग 54 वर्ष 9/चंदा बाई पिता स्व.तिलकराम उम्र लगभग 52 वर्ष 10/ माया देवी पिता स्व. तिलकराम, उम्र लगभग 50 वर्ष क्र.06 से 10 जाति कलार (जायसवाल), निवासी-ग्राम मोहदा, थाना व तहसील रतनपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.) 11/ छत्तीसगढ़ शासन, द्वारा-जिला कलेक्टर बिलासपुर (छ.ग.)

आप प्रतिवादगण को सूचित किया जाता है कि वादीगण के द्वारा इस न्यायालय में मौजा रतनपुर, प.ह.नं. 37, रा.नि.मं. व तहसील रतनपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित वाद सम्पत्ति के संबंध में व्यवहार वाद वास्ते स्वत्व की घोषणा रिक्त आधिपत्य प्राप्ति एवं शाश्वत निषेधाज्ञा बाबत इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है जिसकी सुनवाई दिनांक **27.11.2025** को दिन 11.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए आप प्रतिवादीगणों को समन किया जाता है। आप प्रतिवादीगण स्वयं अथवा अपने किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिन्हें सम्यक अनुदेश दिये गये हों और इस अपने प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें एवं अपने ऐसे सभी दस्तावेज जिन पर प्रतिरक्षा या मुजरा, ईफा दावा या प्रतिदावा आधारित हो, दाखिल करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप प्रतिवादीगण ऊपर बतायी गयी तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होते हैं तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आप प्रतिवादीगणों की अनुपस्थिति में किया जावेगा।

आज दिनांक 30/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर से एवं न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।

स्थान-कोटा
दिनांक - 30/10/2025

**(श्रीमती केवरा राजपूत)**
**द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी कोटा, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रा.नि.म. बिलासपुर मौजा लिंगियाडीह तहसील एवं जिला बिलासपुर प.ह.न.20/22, स्तार क्रमांक 14, भूखंड क्र.21,20 खसरा न.67/1/ख 14 एवं 67/1/ख 8 रकबा क्रमश: 5880 वर्ग फ़ीट एवं 3000 वर्ग फीट (कुल 8880 वर्ग फीट) जिसके दक्षिण में टर्निंग पॉइंट होटल, उत्तर में जयसवाल जी एवं मौर्य जी का होटल, पश्चिम में अग्रवाल की भूमि एवं पूर्व में निस्तारी रास्ता है, जिसको विक्रेता सुनील कुमार केडिया निवासी राजकिशोर नगर बिलासपुर से मेरे द्वारा (डॉ पुष्कल द्विवेदी हॉउस न.9 मित्र विहार कॉलोनी लिंक रोड बिलासपुर) क्रय किये जाने का सौदा किया जा चुका है। इस भूखंड का विक्रय पत्र 10 दिवस में विक्रेता पक्ष द्वारा जारी कर दिया जाएगा। इस सम्बंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज दिनांक 26.11.2025 तक मेरे निवास स्थान में स्वयं उपस्थित होकर अवगत कराएं। इसके पश्चात किसी भी प्रकार की सूचना / आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी।

डॉ पुष्कल द्विवेदी मो.8103881278

**न्यायालय तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

मा.क्र. अ-6 अ/2025-26,
ग्राम पेण्डारी, तहसील सकरी

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम पेण्डारी, प.ह.नं. 47 तहसील सकरी, जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री रामचरण साहू पिता सुधाराम साहू निवासी पेण्डारी तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा लेख किया गया है कि ग्राम पेण्डारी प.ह.नं. 47, रा.नि.मं. पेण्डारी तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नं. 479/1 रकबा 0.30 एकड़ भूमि आवेदक के स्वामित्व की भूमि है, जो राजस्व अभिलेख में दर्ज है। यह कि उक्त भूमि वर्तमान ऑनलाईन रिकार्ड में अनावेदकगण के नाम पर दर्ज दिखा रहा है। अत: उक्त भूमि से अनावेदकगण का नाम हटाते हुए आवेदक के नाम पर ऑनलाइन रिकार्ड दुरुस्त किये जाने हेतु इस न्यायालय में यह आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा दिनांक 21.11.2025 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। इसके बाद में आने वाले आपत्ति दावों पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 07.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया है।

**तहसीलदार**
**सकरी**



**खबर संक्षेप**

## दो युवकों के बीच जमकर मारपीट, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** खेत का रूंधान तोड़ने को लेकर दो लोगों के बीच विवाद हो गया, जिससे दोनों एक दूसरे पर टंगिया के बेठ से हमला कर दिया है। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। कोनी पुलिस के अनुसार, जलसो नहरीभाठा निवासी आशीष सूर्यवंशी ने रिपोर्ट लिखाई। उसके पिता रामचरण सूर्यवंशी ने शासकीय भूमि में कब्जा किया है। जिसमें वह सब्जी भाजी की खेती करते हैं। 14 नवंबर को सुबह 8 बजे वे अपने खेत गए तो माखन सूर्यवंशी, उसका लड़का जसपाल उनके खेत के रूंधान को तोड़ रहे थे। मना करने पर पिता पुत्र ने गाली गलौज कर टंगिया के बेठ से मारपीट की है। दूसरे पक्ष से माखन सूर्यवंशी ने आरोप लगाया कि वे खेत के पास छेना बना रहे थे। आशीष सूर्यवंशी आया और यहां क्यो बना रहे हो कहकर गाली गलौज माखन सूर्यवंशी पर टंगिया के बेठ से हमला कर दिया है। पुलिस ने दोनों पक्षों के हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

## अवैध शराब बेचते महिला कोचिया गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने अवैध शराब के गढ़ में दबिश देकर अवैध शराब सहित एक महिला कोचिया को गिरफ्तार कर लिया है। कोनी टीआई भावेश सेंडे को सूचना मिली, घुटकू रेलवे स्टेशन के पास घरों में अवैध महुआ शराब बनाकर बिक्री किया जा रहा है। उन्होंने स्टाफ के साथ गांव में जाकर संदेही लोगों के घरों में जांच की। जिससे गांव में हड़कंप मच गया। पतासाजी के दौरान घुटकू निवासी कुंती लोनिया पति स्व. दिनेश लोनिया 27 साल के घर में 9 लीटर कच्ची महुआ शराब मिली। पुलिस ने धारा 34, 2 आबकारी एक्ट के तहत शराब जब्त कर महिला कोचिया को गिरफ्तार कर लिया है। ज्ञात हो कि इसके पूर्व सेमरताल में दबिश देकर अवैध शराब बनाकर बेचने वाले दो कोचिया को गिरफ्तार किया गया था।

**नियमों को ताक पर रखकर चल रहे ड्राइविंग स्कूल** | **सालों से नहीं हो रही जांच, आरटीओ के पास अमले की कमी**

# आरटीओ ने दिया गिनती के ड्राइविंग स्कूलों को लाइसेंस, शहर में अवैध स्कूलों की बाढ़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में बिना लाइसेंस के 2 दर्जन से अधिक ड्राइविंग स्कूल चल रहे हैं। इन स्कूलों के संचालक नियमों को नजरअंदाज कर सड़कों पर बेरोकटोक नौसिखियों को गाड़ी चलाना सिखा रहे हैं। हालत यह है कि बिलासपुर आरटीओ ने महज 8 ड्राइविंग स्कूलों को लाइसेंस जारी किया है, जबकि शहर में ड्राइविंग स्कूलों की संख्या 27 के करीब है। परिवहन विभाग की इन पर अनेदखी किसी की जान पर भारी पड़ सकती है। इनके पास न डिप्लोमा है और न ही वाहन सिखाने का लाइसेंस। मनमानी राशि वसूल कर यह लोगों की जेब भी काट रहे हैं।

कार ड्राइविंग सिखाने के नाम पर काफी बड़ा कारोबार चल रहा है। परिवहन विभाग ने बीते 6 सालों में महज 8 ड्राइविंग स्कूलों को ही शर्तों को पूरा करने के बाद लाइसेंस दिया है, लेकिन शहर में हर क्षेत्र में ड्राइविंग स्कूल खुल चुके हैं। कई ड्राइविंग स्कूल अवैध रूप से संचालित हो रहे हैं। ये सभी ट्रेनिंग स्कूल आरटीओ के मानकों को पूरा नहीं करते हैं। साथ ही अनुभवहीन ड्राइवरों के सहारे लोगों को भीड़भाड़ वाली सड़क पर कार चलाना सिखाते हैं, जो कि जोखिम भरा होता है। आरटीओ के अधिकारी इस मामले में मूक दर्शक बने हुए हैं। शहर में दो दर्जन से अधिक अवैध ट्रेनिंग सेंटर चल रहे हैं। इन संचालकों ने कम सैलरी पर ड्राइवर रखे हुए हैं, जो अनुभवहीन होते हैं और लोगों को कार चलाना सिखाते हैं। इसके अलावा ड्राइविंग सिखाने के लिए इनके पास खाली मैदान भी नहीं होता है।

**नियमों का नहीं होता है पालन**

ड्राइविंग स्कूल शुरू करने के लिए आरटीओ कार्यालय से रजिस्ट्रेशन कराना होता है। इस दौरान स्कूल में मौजूद टेक्निकल स्टाफ, व्हीकल और लर्निंग लोकेशन की जानकारी देनी होती है।

खास बात यह है कि कर्मिशियल वाहन के बगैर ड्राइविंग चलाए जा रहे है, जबकि ड्राइविंग स्कूल द्वारा निजी वाहन पर ट्रैनिंग देना नियमों का खुला उल्लघंन है। विभागीय अधिकारी मौके पर जाकर देखते हैं कि जिस जगह लोगों को कार चलाना सिखाया जाएगा वह पर्याप्त है या नहीं। इसके बाद कागजी कार्रवाई पूरी की जाती है। यह सभी काम खत्म होने के बाद ही लाइसेंस दिया जाता है। इसके अलावा ट्रेनिंग दे रहे ड्राइवर को कम से कम पांच साल का अनुभव होना चाहिए। स्कूल परिसर में लेक्चर के लिए भी पर्याप्त स्थान होना जरूरी है। इसके बाद भी शहर में कई स्कूल बिना रजिस्ट्रेशन के फर्जी तरीके से चलाए जा रहे हैं।



### शहर में इन्हें मिला है लाइसेंस

- मिनाक्षी मोटर ड्राइविंग एवं ट्रैनिंग स्कूल
- श्रीराम मोटर ड्राइविंग स्कूल
- तेज सिंग ड्राइविंग स्कूल, सरकंडा
- श्रेयासी मोटर ड्राइविंग स्कूल
- सेवा भारती मोटर ड्राइविंग स्कूल
- वैभव मोटर ड्राइविंग स्कूल
- तेज सिंह ड्राइविंग सेंटर

### स्टाफ की कमी है

सालों से ड्राइविंग स्कूल चल रहे है। स्टाफ की कमी रहती है इसलिए रूटिन जांच प्रभावित होती है। जहां शिकायत मिलती है वहां स्टाफ विजिट कराया जाता है और संबंधितों को नोटिस जारी कर कार्रवाई की जाती है। अवैध ड्राइविंग स्कूलों पर कार्रवाई की जाएगी।

-**असीम माथुर**, आरटीओ, बिलासपुर

**सरगना के मकान से हथियार से लैस होकर निकले थे आरोपी**

# मस्तूरी गोलीकांड : ढाबा के खण्डहरनुमा मकान से वारदात में प्रयुक्त दो बाइक, नकाब का कपड़ा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मस्तूरी गोलीकांड मामले में नाबालिग सहित तीन आरोपियों को दो दिन रिमांड में पूछताछ करने के बाद बाल सम्प्रेक्षण गृह व जेल वापस भेज दिया गया है। आरोपियों की निशानदेही पर नेशनल हाइवे मोहतरा स्थित एक ढाबा के खण्डहरनुमा मकान से वारदात के प्रयुक्त दो बाइक व नकाब लगाने में उपयोग किया गया कपड़ा जब्त किया गया है।

- **रिमांड समाप्त होने पर तीनों आरोपी गए जेल**

12 नवंबर को मस्तूरी पुलिस ने जेल में बंद आरोपी वाम्बे आवास निवासी मो. मतीन उर्फ मोंटू, आरजू उर्फ बायनजीत अनंत व बाल सम्प्रेक्षण गृह में बंद नाबालिग को दो दिन के पुलिस रिमांड में लिया गया था। पूछताछ में तीनों ने बताया कि मस्तूरी जनपद उपाध्यक्ष किरानी निवासी नितेश सिंह, रिश्तेदार व सहयोगियों पर 14 से 15 राउंड फायर करने के बाद आरोपी भागकर वारदात में शामिल निक्कू के मोहतरा नेशनल हाइवे स्थित ढाबा में गए और वारदात में प्रयुक्त दोनों बाइक व चेहरे में लगा नकाब खण्डरनुमा मकान में छिपाकर भाग गए थे। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर ढाबा के खण्डरनुमा मकान में दबिश देकर दोनो बाइक व नकाब में प्रयोग कपड़ा बरामद कर लिया है। वारदात में नाबालिग ने अपनी नई सोल्ड बाइक का उपयोग किया था। बताया जाता है उसने दीपावली में धनतेरस के दिन उक्त बाइक को खरीदा था। टीआई हरिशचंद्र टाण्डेकर ने बताया, दूसरी बाइक रवि कुर्रे के नाम पर है। रवि कुर्रे से बाइक के संबंध में पूछताछ कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने रिमांड समापत होने पर कोर्ट में पेश कर नाबालिग को बाल सम्प्रेक्षण गृह व दोनों आरोपियों को वापस जेल भेज दिया है।

### सरगना के किराए के मकान से निकले आरोपी

आरोपी सरगना मवेशी तस्कर विश्वजीत अनंत ने मल्हार रोड न्यू मस्तूरी में एक किराए का मकान लिया हुआ था। बताया जाता है घटना के दिन सभी आरोपी उक्त मकान में एकत्रित हुए थे। वहां सभी आरोपियों ने जमकर शराबखोरी कर शूटरों के आने का इंतजार कर रहे थे। शूटरों के आने में लेटलतीफ होने पर सभी हथियारों से लैस होकर दो बाइक से निकले और गोलीकांड की वारदात को अंजाम दिया था।

### फरार आरोपियों का सुराग नहीं

पुलिसिया पूछताछ में खुलासा हुआ कि पंचायत चुनाव में हार व जमीन संबंधी विवाद में तोरवा क्षेत्र के गुण्डा बदमाश नागेन्द्र राय, कांग्रेस नेता तारकेश्वर पाटले, अकबर खान ने नितेश सिंह की हत्या की योजना बनाई थी। नागेन्द्र राय के द्वारा आरोपियों को बड़ी संख्या में हथियार व जिंदा कारतूस उपलब्ध कराया गया था। आलम यह है कि 18 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस फरार आरोपी नागेन्द्र राय, तारकेश्वर पाटेल को नहीं पकड़ पाई है।

### बाइक, कपड़ा जब्त किया गया

नाबालिग सहित तीनों आरोपियों से पूछताछ करने के बाद उनकी निशानदेही पर ढाबा के खण्डहनुमा मकान में वारदात में प्रयुक्त दो बाइक व नकाब लगाने में प्रयोग कपड़ा जब्त किया गया है। रिमांड समाप्त होने पर नाबालिग को बाल सम्प्रेक्षण गृह व दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

-**हरिशचंद्र टाण्डेकर**, मस्तूरी टीआई

## एम्बुलेंस की टक्कर से महिला बाइक से युवक घायल

**बिलासपुर।** अलग अलग दो सड़क दुर्घटनों में एम्बुलेंस की टक्कर से महिला व बाइक की टक्कर से युवक घायल हो गए हैं। उन्हें इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दोनों वाहन चालकों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, चिंगराजपारा निवासी प्रीति पाण्डेय पति गोपेश्वर पाण्डेय अपनी सास मुलमुला निवासी शांति बाई पति हरप्रसाद पाण्डेय के साथ पैदल अपने मायके प्रभात चौक जा रही थीं। इसी दौरान अमरैया चौक के पास एम्बुलेंस क्रमांक सीजी 09 जेईख 2173 के चालक ने उनकी सास शांति बाई को टक्कर मार दी और भाग गया। हादसे में उनकी सास गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। दूसरी घटना में सिविल लाइन क्षेत्र में रहने वाले अज्ञेयनगर निवासी तेल व्यापारी अर्पित अग्रवाल पिता अनुप अग्रवाल जुपिटर क्रमांक सीजी 10 सीए, 6253 में दोस्त अनिकेत अग्रवाल को बैठाकर अग्रसेन से मंदिर चौक जाने के लिए निकले थे। समता कालोनी मोड़ में सामने से आ रहे अज्ञात बाइक चालक ने उनकी जुपिटर को टक्कर मार दी और भाग गया। हादसे में श्री अग्रवाल के दोस्त अनिकेत को गंभीर चोट आई है। उन्हें इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दोनों मामले में वाहन चालकों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।






## खबर संक्षेप

### बाल दिवस पर आनंद मेले का आयोजन



**पथरिया।** नगर के संस्कार विद्या निकेतन में बाल दिवस के अवसर पर आनंद मेले का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया। यह आयोजन नगर पंचायत सभापति मनोज निषाद, पार्षद दीपक साहू, कन्या शाला प्राचार्य राजनीश नागेश्वर आदि के आतिथ्य से संपन्न हुआ। विद्यालय के बच्चों ने अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए स्वादिष्ट व्यंजन बनाए एवं स्टॉल लगाकर उनका विक्रय किया। अतिथियों ने बच्चों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि, बच्चों की पाककला की जितनी प्रशंसा की जाये उतनी कम है। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन से इसी प्रकार की नियमित गतिविधियां कराने को कहा, जिससे कि विद्यार्थियों के आतंरिक गुणों की पहचान हो सके। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने छोले भटूरे, पापड़ी चाट, कटलेट, कस्टर्ड, चना चटपटी, चिप्स चाट आदि बनाया। संस्था प्रमुख शकील आमिर खान ने सभी अतिथियों एवं पालकों के सहयोग एवं उत्साहवर्धन के लिए उनका आभार जताया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी विद्यार्थियों और शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया गया बाल दिवस

**मल्हार।** बाल दिवस के अवसर पर शासकीय पूमा शाला बकरकुदा में हर्षोल्लास के साथ



विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने गीत, नृत्य, मंचन तथा विभिन्न रचनात्मक प्रस्तुतियां देकर अतिथियों और शिक्षकों का मन मोह लिया। इस दौरान विद्यालय परिसर उत्साह, उमंग और बाल-भावनाओं से सराबोर रहा। कार्यक्रम में शिक्षिका ज्योति पांडेय ने बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करने हेतु एक विशेष पहल करते हुए उन्होंने सभी विद्यार्थियों को डायरी और पेन प्रदान किया। यह कदम शिक्षा की गुणवत्ता को सुदृढ़ करने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है।

### एफएनएल मेले में शामिल हुईं जनपद अध्यक्ष



**लोरमी।** गोंड़खाम्ही शासकीय उमा विद्यालय में बाल दिवस के अवसर पर संकुल स्तरीय एफएएन मेले आयोजन किया गया, जिसमें में बतौर मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह शामिल मौजूद रहीं। मेले में निशुल्क सरस्वती सायकल योजना के तहत बच्चियों को सायकल का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य रत्ना संजय काटले, बीईओ मनीषा पटले, शमशाद बेगम सहित समस्त शिक्षक और बच्चे उपस्थित रहे।

### राजपूत युवा मोर्चा ने दी कैंसर पीड़िता को आर्थिक सहायता



**लोरमी।** झाफल निवासी मीना बाई पति स्व सुभाष सिंह कैंसर से पीड़ित हैं। उनकी आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय होने के कारण वे अपना इलाज कराने में सक्षम नहीं हैं। इस विपरीत परिस्थिति में राजपूत युवा मोर्चा की ओर से उनको 45 हजार 246 रुपए की सहयोग राशि प्रदान की गई। राजपूत युवा मोर्चा के सदस्यों ने राशि उनके परिजन को सौंप कर पीड़ित का हाल-चाल जाना। इस अवसर पर अध्यक्ष संजय सिंह, पूनम सिंह, महावीर सिंह, रामकुमार सिंह, बिनोद सिंह, सुदर्शन सिंह, बलराज सिंह, हृदय सिंह, विरेंद्र सिंह, अनिल सिंह, शेर सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

### विखं की प्राथमिक शालाओं में लगा एफएलएन मेला

**तखतपुर।** विकासखंड तखतपुर की समस्त प्राथमिक शालाओं में एफएलएन मेले का आयोजन किया गया। इस एफएलएन में भाषायी दक्षता आधारित स्टॉल का निर्माण, गणितीय दक्षता आधारित स्टॉल का निर्माण, अंग्रेजी अवधारणा आधारित स्टॉल निर्माण किया गया एवं छुटके-बड़के अवधारणा पर आधारित स्टॉल रंगों से खेलो अवधारणा, उंगली फिराओ, शब्द बनाओ अवधारणा सहित अन्य गतिविधियां शामिल रहीं। इस मेले का अवलोकन विखं शिक्षा अधिकारी के बैरागी, एबीईओ सूर्यकांत जायसवाल, पुष्पलता एक्का, संगीता कोसरिया, विखं स्त्रोत समन्वयक सीमा त्रिपाठी, डीआरजी अमरदीप शर्मा ने किया।

## पूजा-अर्चना के साथ धान खरीदी का शुभारंभ

# किसानों को किसी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए: मोहले

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू कर दी गई है। इसी क्रम में जिले में उपार्जन केंद्र भालापुर में कलेक्टर कुन्दन कुमार द्वारा खरीदी कार्य का औपचारिक शुभारंभ किया गया। कलेक्टर की उपस्थिति में किसान कोशराम ओगरे द्वारा 115 क्विंटल धान की तौलाई कर खरीदी प्रक्रिया की शुरुआत की गई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप समर्थन मूल्य पर जिले में आज से धान खरीदी शुरू हो गई है।

उपार्जन केंद्रों में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर धान खरीदी प्रारंभ की गई। इस अवसर पर विधायक पुन्नूलाल मोहले एवं कलेक्टर कुन्दन कुमार मुंगेली के धान उपार्जन केंद्र गीधा पहुंचे। उन्होंने केंद्र में तौल मशीन की पूजा-अर्चना कर धान विक्रय करने आए किसान आशुतोष सिंह राजपूत का पुष्प माला पहनाकर व गुलाल लगाकर स्वागत किया। उन्होंने किसान की धान की मात्र व धान का किस्म आदि की जानकारी ली। साथ ही किसान से चर्चा कर उपार्जन केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं की भी जानकारी ली। विधायक ने खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी प्रक्रिया का अवलोकन कर नमीमापक यंत्र से धान की नमी भी देखी और अपने समक्ष धान का तौल कराया। उन्होंने कहा कि, धान खरीदी शासन की प्राथमिकता का कार्य है। किसानों को धान बेचने में किसी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पांडेय, अपर कलेक्टर जीएल यादव, मुंगेली एसडीएम अजय शतरंज सहित संबंधित अधिकारी, स्थानीय प्रतिनिधि एवं नागरिक मौजूद रहे।

### कलेक्टर ने किया खरीदी केंद्रों का निरीक्षण

कलेक्टर ने मुंगेली के ग्राम भालापुर और पथरिया विकासखंड के जुनवानी में धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने भालापुर में किसान कोशाराम ओगरे और जुनवानी में मालती बाई लोधी का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि, सभी अधिकारी-कर्मचारी आपसी समन्वय एवं टीम भावना के साथ गंभीरतापूर्वक कार्य करते हुए धान खरीदी कार्य सुचारू रूप से संपन्न करें। इस दौरान पथरिया एसडीएम रेखा चंद्रा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



पूजा अर्चना करते विधायक श्री मोहले एवं कलेक्टर।

### अंचल में धान खरीदी का शुभारंभ, किसानों में उत्साह



**पथरिया।** मुंगेली जिले में किसानों के महापर्व धान खरीदी तिहार की शुरुआत शनिवार से हो गई है। नगर के समीप ग्राम जूनवानी के धान खरीदी केंद्र मे जिला पंचायत सभापति अनीला देवेंद्र राजपूत, मुंगेली कलेक्टर कुंदन कुमार, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पांडेय के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में धान खरीदी का विधिवत शुभारंभ किया गया। कलेक्टर कुंदन कुमार ने कहा कि, शासन के निर्देशों के अनुरूप खरीदी कार्य पूरी पारदर्शिता एवं सुव्यवस्थित ढंग से किया जाएगा। मंडी परिसर में किसानों की सुविधा के लिए आवश्यक सभी व्यवस्थाएं पहले से ही सुनिश्चित की गई हैं। वहीं, पथरिया एसडीएम रेखा चंद्रा ने बताया कि, क्षेत्र मे कुल 31 धान खरीदी केंद्र हैं, जिसमे 7 धान खरीदी केंद्र जूनवानी, सरगांव, खुटेरा, सिलदहा, हिंन्छापुरी, धरदेही, धुमा में शनिवार से धान खरीदी का शुभारंभ किया गया। सभी केंद्रो से लगभग कुल 309.60 क्विंटल खरीदी की गई। जिला पंचायत सभापति अनिला देवेंद्र राजपूत ने कहा कि, हड़ताल के बावजूद शासन किसानों से 15 नवबंर से ही खरीदी शुरू कर किसानों के हितों को प्राथमिकता दी है। सहकारी समिति जुनवानी अध्यक्ष सुखदेव वर्मा ने सभी किसानों का अभिवादन कर किसी प्रकार की असुविधा होने पर सूचित करने की बात कही। कार्यक्रम मे जिपं सभापति अनीला देवेंद्र राजपूत, सेवा साहकारी समिति अध्यक्ष सुखदेव वर्मा, जपं सदस्य कोमल साहू, अजय वर्मा, पथरिया एसडीएम रेखा चंद्रा, विणीपन सीईओ मिथलेश साहू, विमल साहू, रामरातन साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।

### विधायक व कलेक्टर ने की तौल मशीन की पूजा



**भरींडांड़।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदी का कार्य 15 नवंबर शानिवार से प्रारंभ हो गया है। विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची और कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने धान खरीदी उपकेंद्र निमधा में पूजा-अर्चना के साथ औपचारिक रूप से धान खरीदी का शुभारंभ किया। इस मौके पर विधायक परपच्ची ने तौल मशीन की पूजा कर धान विक्रय करने आये पहले किसान प्रकाश चंद्र जायसवाल का टीका लगाकर एवं माला पहनाकर स्वागत किया। कलेक्टर ने किसानों की धान की मात्रा, धान की किस्म और नमी आदि की जानकारी ली। कलेक्टर ने धान उपार्जन केंद्र लरकेनी का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर उपस्थित सहायक पंजीयक सहकारिता को जिले के सभी धान उपार्जन केंद्रों में समिति प्रबंधकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि, तय समय पर कार्य पर उपस्थित नहीं होने वाले समिति प्रबंधकों पर बर्खास्तगी की कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ मुकेश रावटे, डिप्टी कलेक्टर देवेंद्र सिरमौर, खाद्य अधिकारी श्वेता अग्रवाल, जिला सहकारी बैंक के जिला नोडल विनय कुमार साहू, सहायक पंजीयक सहकारिता एसआर नायक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### डिंडौरी में मौजूद रहे जनप्रतिनिधि व अफसर



**लोरमी।** डिंडौरी धान उपार्जन केंद्र में अधिकारी एव जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में धान खरीदी का शुभारंभ कर किसानो से धान की खरीदी की गया। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष राजेन्द्र साहू, कोमल गिरी गोस्वामी, एसडीएम अजीत पुजारी, शांतनु तारम सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## कलश यात्रा के साथ परमेश्वरी महोत्सव का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

देवांगन समाज द्वारा आयोजित परमेश्वरी महोत्सव में भक्ति के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों का भी आयोजन किया जा रहा है। रावण भाठा में स्थित सामुदायिक भवन में परमेश्वरी महोत्सव का आगाज कलश यात्रा, घट स्थापना, मूर्ति स्थापना एवं कथा परिचय के साथ हुआ। परमेश्वरी पुराण में कथा वाचक किशन राव ने देवांगन समाज की उत्पत्ति, गोत्र निर्माण, सृष्टि रचना के बाद माता के द्वारा यज्ञ का अनुष्ठान संपन्न कराया।



**खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन:** इस मौके पर जिसमें जलेबी दौड़, कुर्सी दौड़, निंबू-चम्मच प्रतियोगिता, नृत्य प्रतियोगिता जैसी विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। साथ ही 10वीं-12वीं के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। नृत्य प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान संस्कृति देवांगन, द्वितीय नित्या देवांगन एवं तृतीय स्थान डोनीशा ने प्राप्त किया। इसी प्रकार से कुर्सी दौड़ मे प्रथम भावना, द्वितीय शैलेश एवं तृतीय स्थान पर अवनि रहीं। जलेबी दौड़ मे क्रमशः अंश, निहाल, प्रखर निम्बू चम्मच मे यश, प्रगति, सेजल, चित्रकला प्रतियोगिता में सुरभि, त्रिनभ, हिमांशु ने पहला दूसरा एवं तीसरा स्थान प्राप्त किया। 12वीं में भूमिका, यशिका, रिया, 10वीं मे दिव्यांशी, योगिता, सोनल को समानित किया गया।

**सामाजिक संगठनों की उपस्थिति:** आयोजन स्थल पर आशीर्वाद लेने के लिए ब्रम्हकुमारी ईश्वरीय विद्यालय इनफैक्ट हैवन वर्ल्ड स्कूल परिवार सहित नगर के अन्य सामाजिक संगठन के लोग शामिल हो रहे हैं। इस अवसर पर शिव, नानू, रामाधार देवांगन, गंगाराम, शिव, राजू परिधान, शेखर, कांत, शिव, राजेश, यशपाल, सुरेश, मुन्ना, संतोष, तिलक, सनी, शत्रुहन, शेरा, हितेश, चंद्र प्रकाश, चंदन, पुरुषोत्तम, संजय, सुरेश, कैलाश, आनंद, नारायण, नरेश, विकाश, राकेश, रोहित, अमन, साहिल, लखन, विकास, साकेत, आयुष, देवेंद्र, कमलेश, राहुल, तुषार, सुजल, पंडा, अक्षत, प्रिंस , साहिल, हरीश, सिद्धार्थ, सागर सहित अन्य उपस्थित रहे।

## बच्चों ने लगाया छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का स्टॉल



**मल्हार।** शासकीय उमा विद्यालय बुढ़ीखार में बाल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष रामकुमार साहू, सदस्य बालमुकुंद वैष्णव, अनिल सिंह ठाकुर, भरत लाल थवाईत, दीपक कुमार गुप्ता, राम झूल केंवट, प्रधान पाठक बीरबल थवाईत, शैक्षिक समन्वयक विश्वजीत राय शामिल रहे। आनंद मेले के प्रारंभ से पहले जनजाति गौरव दिवस के रूप में संस्था के छात्राओं ने आदिवासी गीत एवं नृत्य प्रस्तुत कर आदिवासी बलिदानियों को याद किया गया। आनंद मेले में स्कूल के बच्चों ने बढ़ चढ़कर के हिस्सा लेते हुए छत्तीसगढ़ी व्यंजन ठेठरी, खुरमी, बड़ा बोबरा, दूधफरा सहित आधुनिक व्यंजनों को शामिल कर लोगों को आकर्षित किया। संस्था प्रमुख काशीराम रजक ने कहा कि, 14 नवंबर का ही दिन एक ऐसा दिन है, जिसे बच्चों के लिए समर्पित किया गया है। बच्चों की प्रसन्नता से हमारी प्रसन्नता जुड़ी रहती है, बच्चों को मनोरंजन के साथ परीक्षा की तैयारी भी अच्छे से करनी चाहिए। मिडिल स्कूल के शिक्षकों के प्रयास से न्योता भोज का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कल्पना टंडन ,पुष्पा देवी पाण्डेय, प्रकाश कुमार कौशिक, रूपेंद्र सिंह महिलांगे, श्वेता सेमुएल, कुमारी श्याम यादव, भूपेंद्रधर दीवान, रमेश कुमार कुर्रे, संजय महिपाल, रितेश यादव, किरण राय, रीना राय, ज्योत्सना सोनी, अनोद कुमार केंवट, कमलेश्वर सुमन, अभिषेक खूंटे, मिथिलेश सोनी का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन रूपेंद्र सिंह महिलांगे, कल्पना टंडन, प्रकाश कुमार कौशिक, पुष्पा देवी पांडेय ने किया।

## चलने में असमर्थ मरीज की सफल सर्जरी

**मुंगेली।** जिला अस्पताल में चलने–फिरने में असमर्थ हो चुके मरीज की जटिल शल्य चिकित्सा के बाद मरीज आसानी से चलने लगा। मरीज के दोनों कूल्हों के जोड़ (हिप जाइंट) गंभीर रूप से खराब हो चुके थे। जिसे चिकित्सकों ने सर्जरी पश्चात ठीक कर दिया। मरीज एवं परिजनों ने चिकित्सकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

जिले के ग्राम अखरार निवासी 37 वर्षीय दिनेश पात्रे पिछले दो वर्षों से दोनों कूल्हों में गंभीर दर्द की समस्या से जूझ रहे थे। बीमारी बढ़ने के साथ उनकी चलने–फिरने की क्षमता धीरे–धीरे कम होती गई और पिछले छह महीनों से वे पूरी तरह चलने–फिरने में असमर्थ हो चुके थे। लगातार बढ़ते दर्द और असहाय स्थिति के कारण उनके दैनिक कार्य भी प्रभावित होने लगे थे। परिजन उन्हें उपचार के लिए



जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सा टीम द्वारा विस्तृत जांच की गई। सिविल सर्जन सह मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एमके राय के निर्देशन में जिला चिकित्सालय के अस्थि रोग विशेषज्ञ डा. भूपेंद्र सिंह टंडन एवं निश्चेतना विशेषज्ञ डा. राजेश बेलदार ने दिनेश का सफलतापूर्वक आपरेशन किया। इस जटिल शल्य चिकित्सा के बाद दिनेश की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार देखा गया।

## मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में जिले में मतदाता सूची को अद्यतन करने के उद्देश्य से मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम जोरों से जारी है। जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार जिले में हेल्प डेस्क स्थापित किए गए हैं, जहां मतदाताओं को मतदाता सूची से संबंधित जानकारी एवं आवश्यक सहायता प्रदान की जा रही है। मतदाता एक ही निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक नामावली में अपना नाम जुड़वा सकेंगे।

राज्य निर्वाचन आयोग से प्राप्त निर्देश के अनुसार निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान मतदाताओं के द्वारा भरे गए गणना प्रपत्रें के डिजिटाइजेशन के दौरान यदि यह पाया जाता है, कि किसी मतदाता का नाम

■ हेल्प डेस्क के माध्यम से मतदाताओं को सहायता

पहले से ही किसी निर्वाचन क्षेत्र के नामावली में डिजिटाइज हो चुका है, तो उनका नाम किसी अन्य निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक नामावली में गणना प्रपत्र के माध्यम से डिजिटाईजेशन नहीं किया जा सकेगा। अर्थात कोई भी मतदाता केवल एक ही निर्वाचन क्षेत्र के किसी एक ही स्थान के निर्वाचक नामावली में अपना नाम जुड़वा सकेंगे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी मायानंद चंद्रा ने बताया कि, निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं की ए बी एवं सी तीन श्रेणियां बनाई गई हैं, ऐसे मतदाता, जिनका नाम 2003 एवं 2025 की मतदाता सूची में हो एवं ऐसे मतदाता जिनका नाम 2003 की सूची में न हो, लेकिन 2025 की मतदाता सूची में हो, लेकिन उनके माता-पिता का नाम 2003 की मतदाता सूची में दर्ज हो, ऐसे मतदाताओं को केवल 2003 की मतदाता सूची की छायाप्रति संलग्न करना है। गणना पत्रक भरने हेतु सभी मतदाताओं को सफेद बैकग्राउंड का 2 नवीनतम रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो प्रदान करना होगा।

## एकलव्य आवासीय विद्यालय में मना जनजातीय गौरव दिवस

# बिरसा मुंडा ने समाज उत्थान के लिए किया ऐतिहासिक कार्य

**मुंगेली।** बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर ग्राम बंधवा स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले शामिल हुए। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम को संबोधित किया।




प्रशस्ति पत्र देते विधायक पुन्नूलाल मोहले।

विधायक मोहले ने जनजातीय समुदाय को बधाई देते हुए धरती आबा बिरसा मुंडा के योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि, बिरसा मुंडा ने जनजातीय समाज के उत्थान और अधिकारों की रक्षा के लिए ऐतिहासिक कार्य किया, इसलिए उन्हें धरती का पुत्र कहा जाता है। श्री मोहले ने आगे कहा कि, आदिवासी समाज के गौरवशाली इतिहास और संस्कृति को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार की ओर से अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में आदिवासी विकास प्राधिकरण, पीएम जनमन, पीएम आदर्श ग्राम योजना, आयुष्मान भारत योजना सहित कई योजनाओं से प्रदेश की जनजातीय आबादी को व्यापक लाभ मिल रहा है। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने विद्यार्थियों को अपनी अभिरुचि के अनुसार लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि, विद्यार्थी जीवन सबसे महत्वपूर्ण होता है, इसलिए बच्चों को चाहिए कि वे अपने शिक्षकों का सम्मान करें और प्राप्त होने वाली गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का पूरा लाभ उठाएं। कार्यक्रम में जनजातीय संस्कृति, प्रेरक प्रसंगों और बिरसा मुंडा के जीवन से जुड़ी जानकारी प्रस्तुत की गई।

### बच्चों को दिखाई गई बिरसा मुंडा की जीवन गाथा



**लोरमी।** जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर सेमरसल मिडिल स्कूल में प्रोजेक्टर के माध्यम से भगवान बिरसा मुंडा का जीवन चरित्र दिखाया गया। शासन के आदेशानुसार जनजातीय नायकों के योगदान संबंधी पत्र का वाचन भी किया गया, जिनमें उनके द्वारा उलगुलान आंदोलन चलाने संबंधी बिंदुओं को रेखांकित किया गया। इस अवसर पर शाला के प्रधानपाठक आत्माराम कश्यप, राजकुमार कश्यप, उमाशंकर सिंह ने बच्चों को ऐतिहासिक हीरोज की कहानी बताई एवं तीर कमान का महत्व भी समझाया।

### जनजातीय गौरव दिवस पर विविध कार्यक्रम



**तखतपुर।** हायर सेकंडरी कन्या स्कूल में जनजातीय गौरव दिवस पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जनजातीय समाज के वीरों, संघर्षशील नेताओं एवं स्वतंत्रता संग्राम में अहम भूमिका निभाने वाले नायकों की स्मृति में जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी प्राचार्य जितेंद्र शुक्ला ने कहा कि, जनजातीय गौरव दिवस केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह उन वीरों के प्रति कृतज्ञता है, जिन्होंने अपनी संस्कृति, पहचान और स्वाभिमान को बचाने के लिए कठिन संघर्ष किया। महान जनजातीय नायक भगवान बीरसा मुंडा जैसे महान क्रांतिकारी, जिन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ आवाज उठाई, हमें साहस, समर्पण और राष्ट्रभक्ति का अमूल्य संदेश देते हैं। कार्यक्रम में जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्राओं ने स्वतंत्रता संग्राम में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले महान सपूतों के योगदान पर प्रकाश डाला। अगली कड़ी में जनजातीय परंपराओं को दर्शाती फैंसी ड्रेस आयोजित की गई, जिसमें छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर जितेंद्र शुक्ला, बीआर सूर्यवंशी, रश्मि मिश्रा, मिनाज खान, मीनाक्षी शर्मा, जेडी कुजूर, जीडी वैष्णव, कामिनी गुप्ता, महेश्वरी सिन्हा, स्वीटी सिंह, दिव्या मिश्रा, मीनाक्षी बनर्जी, मयंक यादव, अंकित विश्वकर्मा, पारुल यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।